दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली।। गुरुवार 30 मई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 230 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3











## दिल्ली-एनसीआर में मौसम बदला, तेज हवा के साथ बूंदाबांदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बुधवार की शाम होते-होते अचानक मौसम ने करवट बदली। सुबह से तेज धूप रही, लेकिन दोपहर के बाद अचानक अंधेरा छाया और तेज हवा चलने लगी।



दिल्ली और इससे सटे नोएडा, गाजियाबाद समेत आसपास के कुछ इलाकों में हल्की बौछारें भी पड़ीं। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली के कुछ इलाकों के अलावा एनसीआर के खरखौदा, झज्जर, सोहना, पलवल, नूंह, औरंगाबाद, होडल (हरियाणा) जट्टारी, खैर ( यूपी) में हल्की बूंदाबांदी और 20-30 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी।

### अब दिल्ली में पानी की फिजूलखर्ची पर लगेगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने पानी की बबार्दी को रोकने के लिए जल बोर्ड के सीईओ को निर्देश जारी किए। मंत्री आतिशी ने निर्देश में 200 टीमों को गठित करने के लिए कहा। पाइप के जरिए गाड़ी धोना, पानी के टैंक का ओवरफ्लो होना और घरेलू पानी के कनेक्शन के जरिए कमर्शियल प्रयोग करना या फिर कंस्ट्रक्शन साइट्स पर इस्तेमाल करना पानी की बबार्दी माना जाएगा। पानी बर्बाद करने वाले पर दो हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा।

## सिर्फ मुस्लिमों को आरक्षण देती रही कांग्रेस : अमित शाह

**बलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बना दी है। इस बार मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत दुनिया में नंबर वन और यूपी देश में नंबर वन बनेगा। उक्त बातें देश के गृहमंत्री अमित शाह ने शहर से सटे माल्देपुर मोड़ के पास हैबतपुर गांव में बलिया लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में बुधवार को आयोजित चुनावी जनसभा में कही। अमित शाह ने तय समय से आधे घंटे पूर्व मंच पर आते ही बिना किसी औपचारिकता के माइक संभाल ली। संबोधन के बाद सपा छोड़ने वाले पूर्व मंत्री नारद राय व पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

बलिया लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में बुधवार को आयोजित चुनावी जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने सपा छोड़कर



आए पूर्व मंत्री नारद राय और पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह को भाजपा में शामिल कराया। इस दौरान नारद राय को खास तवज्जो दी। नारद राय ने भी जनसभा में मंच पर प्रतीक चिह्न के रूप में अमित शाह को फरसा भेंट किया। अमित शाह ने इससे पहले कहा कि आज बलिया वालों को एक बात कहने आया हूं। गुजराती हिसाब-किताब में पक्के होते हैं। एक बार में कई काम करते हैं।

## हमने आंखों में धूल झोंकने की राजनीति नहीं की : राजनाथ सिंह

**सासाराम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को काराकाट से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजद की हवा निकलती जा रही है। ऐसे भी लालटेन एक कमरे से ज्यादा क्षेत्र में रोशनी नहीं दे सकता है। आज दुनिया में सबसे कम महंगाई दर है तो वह भारत में है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में महंगाई दर अगर 2.91 प्रतिशत है तो पाकिस्तान में 48 प्रतिशत, फ्रांस में 19 प्रतिशत, अमेरिका में 7.7 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति तो ऐसी हो गई है कि डायनासोर की तरह दस साल



में पार्टी लुप्त हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने कभी भी आंखों में धूल झोंकने की राजनीति नहीं की है। भाजपा जो कहती है, वह करती है। आज जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर दिया गया। अयोध्या में प्रभु श्री राम आज झोपड़ी से भव्य मंदिर में पहुंच गए। कल तक लोग 'तारीख नहीं बताने' को लेकर ताना मारते थे, आज वे चुप हो गए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में पहुंच गए। अब रामराज का आगाज होकर रहेगा। आज सभी को कर्तव्य बोध हो जाए तो रामराज हो जाए। भाजपा धर्म और तुष्टीकरण की राजनीति नहीं बल्कि इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है। तीन तलाक को समाप्त कर यह हमने साबित किया है।

## यह चुनाव सभ्य और असभ्य राजनीति के बीच : प्रियंका गांधी

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सातवें चरण यानी 1 जून को वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अंतिम चरण में है। प्रचार के लिए सभी दलों के नेता अपनी ताकत झोंक रहे हैं। इसी सिलसिले में कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को कुल्लू में जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने मंडी संसदीय क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में जनता के प्रति श्रद्धा रही है, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है।



कुल्लू में प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मछली, भैंस व मंगलसूत्र की बात कर पद की गरिमा गिराई है। पूर्व में रहे किसी भी प्रधानमंत्री ने इतनी असभ्य बातें नहीं की। यह चुनाव सभ्य और असभ्य राजनीति के बीच है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल की जनता साक्षर है। सच व झूठ में अंतर जानती है। सच यह है कि आपदा में कांग्रेस पार्टी और प्रदेश सरकार केंद्र की सहायता के बिना चट्टान की तरह जनता के साथ खड़ी रही। झूठ की राजनीति करने वालों ने आपदा में देवभूमि की जनता को पीठ दिखाई है।

कुल्लू की जनसभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन एक बड़ा करोबार है। हम चाहते हैं कि हिमाचल में पर्यटन को और बढ़ावा दिया जाए, ताकि यहां के छोटे उद्योगों को मजबूती मिले और रोजगार के नए अवसर पैदा हों।

# मीट प्रोसेसिंग फैक्ट्री में पुलिस-प्रशासन की बड़ी कार्रवाई रेस्क्यू ऑपरेशन कर 57 बाल श्रमिक कराए गए मुक्त



मसूरी थानाक्षेत्र के डासना स्थित इंटरनेशनल एग्रो फूड्स में कई घंटे चली रेस्क्यू ऑपरेशन की कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले मसूरी थानाक्षेत्र के डासना स्थित इंटरनेशनल एग्रो फूड्स मीट प्रोसेसिंग कंपनी के कंपाउंड में बुधवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की शिकायत पर बड़ी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि गाजियाबाद में एक स्लॉटर हाउस चलाया जा रहा है। जिसमें बिहार, पश्चिम बंगाल राज्य से लगभग 40 से अधिक बाल श्रमिकों को यहां रखा गया है।

उनके साथ अमानवीय परिस्थितियों में कार्य लिया जा रहा है। इस मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस के साथ ही अन्य विभागों की टीम को एकजुट कर बुधवार को यहां कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान अपर पुलिस आयुक्त अपराध के साथ ही पुलिस प्रशासन में अन्य विभागों की टीम ने यहां घंटों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान डासना स्थित इंटरनेशनल एग्रो फूड्स प्रोसेसिंग कंपनी में कुल 57 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। जिसमें से 31 नाबालिक लड़कियों और 26 नाबालिक लड़के हैं। जो बाल श्रमिक उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल आदि राज्यों के रहने वाले हैं। बड़े स्तर पर हुई कार्रवाई के बाद गाजियाबाद के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्र में चलने वाले कई इलाकों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है की पूरी कार्रवाई ऊपर से मिले निदेर्शों के बाद की गई है।

### मेडिकल जांच के बाद तय होगी रेस्क्यू ऑपरेशन में मुक्त कराए गए 57 नाबालिकों की उम्र

करंट क्राइम : एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया है कि इस पूरे मामले में रेस्क्यू ऑपरेशन की कार्रवाई करते हुए 57 नाबालिक बच्चों को कार्य मुक्त कराया गया है। जिसमें से 31 नाबालिक लड़कियों और 36 नाबालिक लड़के हैं। उन्होंने बताया है कि अब सभी 57 नाबालिकों की पहले मेडिकल जांच कराई जाएगी और फिर इसके बाद उनकी आयु का निर्धारण किया जाएगा। फिलहाल इस पूरे मामले में रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई है। साथ ही कई बाल श्रमिकों के बयान भी दर्ज हुए हैं।

### मिले थे अलग-अलग विभागों को एक साथ कार्रवाई करने के निर्देश

करंट क्राइम : पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों से जानकारी मिली है की डासना स्थित इंटरनेशनल एग्रो फ्रूड्स को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की टीम, मुक्ति फाउंडेशन, आयुक्त अपराध, श्रम विभाग गाजियाबा,द अपर जिला अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी ,एएचटीयू थाना प्रभारी, चाइल्ड लाइन की टीमों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया।

बीते दिनों इनको आयोग की ओर से लिखित शिकायत मिली थी। जिसमें कहा गया था कि मसूरी थानाक्षेत्र अंतर्गत इंटरनेशनल एग्रो फूड्स जो की मीट और पशुओं के मांस को इकट्ठा करके निर्यात करने का काम करती है, यहां नाबालिकों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि अधिकारियों को एक साथ लैटर मिले थे कि इस मामले में कार्रवाई की जाए। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि इस पूरे मामले में दिल्ली और लखनऊ में बैठे अधिकारियों का भी कार्रवाई को लेकर पूरी तरीके से हस्तक्षेप रहा है।

### मीट प्रोसेसिंग और फ्रीजिंग भारत की बड़ी कंपनी है इंटरनेशनल एग्रो फूड्स

करंट क्राइम : जानकारी मिली है कि इंटरनेशनल एग्रो फूड्स का मुख्य कारोबार मीट प्रोसेसिंग और फ्रीजिंग का है। यह भारत से बाहर अन्य देशों में मांस एक्सपोर्ट का काम करते हैं। फिलहाल अभी तक की जानकारी और शिकायत के आधार पर पुलिस ने विधि कार्रवाई करनी प्रारंभ कर दी है। जल्द ही इस मामले में विस्तृत जानकारी अधिकारियों की ओर से जारी की जाएगी।

### ह्यूमन ट्रैफिकिंग का नहीं निकला मामला

करंट क्राइम : बड़ी संख्या में जब अधिकारियों की टीम और पुलिस बल के साथ यहां अधिकारी पहुंचे तो प्रथम दृष्टि या यह पूरा मामला ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़ा हुआ नजर आ रहा था, लेकिन इस पूरे मामले में जांच पड़ताल के बाद यह निकाल कर आई है कि अधिकांश ऐसे नाबालिक हैं, जिनके माता-पिता दूसरी फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं और वह यहां पर काम कर रहे थे। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम को जो राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की शिकायत मिली थी, उसके आधार पर कार्रवाई की गई है।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने का बीड़ा उठाया



विजयनगर को 10 नये पंप सेट देकर की शुरुआत, पांचों जोन में होगी यह व्यवस्था लागू



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का दृढ़ निश्चय कर लिया है।उनके निर्देश पर नगर निगम द्वारा पेयजल व्यवस्था को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विजयनगर की पेयजल समस्या को लेकर जलकल विभाग के अधिकारियों ने मौके पर समस्याओं के निस्तारण हेतु निरीक्षण किया तथा आवश्यकता को देखते हुए 10 नए पंप सेट भी मंगवाये गए, जिनसे नलकूपों को सही कर जलापूर्ति का कार्य कराया जा रहा है। संबंधित फर्म राक्वेल पंप एंड सेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए शहर हित में नलकूपों को चालू करने का कार्य कराया जा रहा है, बढ़ती गर्मी को देखते हुए अफसरों को मॉनिटरिंग प्रबल करने के निर्देश नगर आयुक्त ने दिए हैं।



नगर आयुक्त ने दिए बढ़ती गर्मी को देखते हुए अफसरों को मॉनिटरिंग प्रबल करने के निर्देश

### इन वार्डों में हो रहा है तीव्रगति से काम



**करंट क्राइम।** विजयनगर जोन से पानी की समस्या संज्ञान में आते ही विभाग ने अविलंब कार्यवाही की तथा वार्ड संख्या तीन पुराना विजयनगर अंबेडकर नगर पहुंचकर क्षेत्र वासियों को गंदे पानी से निजात दिलाई गई। इसी क्रम में अवर अभियंता शीशमणि यादव व अधिशासी अभियंता आस कुमार को विजयनगर के सभी अन्य क्षेत्रों में भी मॉनिटरिंग करने की निर्देश दिए गए। वार्ड संख्या 26 भूड़ भारत नगर, गौपुरी मं नई मोटर लगाकर जलापूर्ति को सरल किया गया, वार्ड संख्या 58 शिवपुरी, वार्ड संख्या 25 शंकरपुरी, वार्ड संख्या 58 मवई, वार्ड संख्या 55 ए ब्लॉक प्रताप विहार, वार्ड संख्या 15 चरण सिंह कॉलोनी प्रताप विहार, वार्ड संख्या 3 अंबेडकर भवन, वार्ड संख्या 01 भीम नगर, वार्ड संख्या 23 कैलाश नगर के अंतर्गत जल कल विभाग द्वारा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करते हुए कार्यवाही दो दिन के भीतर करने की योजना बनाई गई है, वर्तमान में नलकूप द्वारा पानी दिया जा रहा है जिसको और अधिक सुधार कर विभाग शहर हित में समस्या का निदान किया जा रहा है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सख्त होते हुए जलकल विभाग को शहर के पांचों जोन में जल आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के कड़े निर्देश दिए हैं जिसमें विभागीय अधिकारियों की मॉनिटरिंग को प्रबल करने के लिए कहा है। संबंधित फर्म के द्वारा कार्य में देरी तथा लापरवाही मिलने पर ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश भी दिए हैं। शहरवासियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना जलकल विभाग की पहली जिम्मेदारी है जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# एडिशनल सीपी दिनेश कुमार ने 10 पर लगाया गुंडा एक्ट

## 6 महीने के लिए किए गए जिला बदर



इन अपराधियों के विरुद्ध अलग-अलग थानों में गंभीर मामले में मुकदमे दर्ज थे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अपराधियों को कानून व्यवस्था का पाठ पढ़ने के लिए एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 के अंतर्गत सुनवायी करते हुए गंभीर अपराधों के मामलों में शामिल 10 आरोपियों को पुलिस कमिश्नरेट से 6 माह के लिए जिला बदर किया है। साथ ही इन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की गई है। सभी के विरुद्ध अलग-अलग थानों में गंभीर अपराध के मामले में मुकदमे दर्ज थे, जिनको देखते हुए इन पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया है कि सभी को नियमों का पालन करना होगा वरना उनके खिलाफ अन्य कार्रवाई भी की जाएगी।

**सभी अपराधियों को नियमों का पालन करना होगा**

### इन पर लगा है गुंडा एक्ट

करंट क्राइम : आबिद उर्फ कितना निवासी मुरादनगर गाजियाबाद 18 मुकदमें, युसूफ निवासी प्रताप विहार विजयनगर 17 मुकदमे, अभिषेक त्यागी निवासी थाना इंदिरापुरम 12 मुकदमे, सचिन निवासी प्रहलादगढ़ी इंदिरापुरम 11 मुकदमे, इमरान निवासी थाना लोनी आठ मुकदमे, अमन खान पांच मुकदमे, सद्दाम निवासी मसूरी चार मुकदमे, ताबिल उर्फ मामा देवासी तलाब थाना अंकुर विहार पर तीन मुकदमे हैं। रोहित चौधरी निवासी थाना मधुबन बापूधाम पर तीन और गणेश कुमार पर थाना विजयनगर में दो मुकदमे हैं। सभी को 6 माह के लिए जिला बदर करते हुए गुंडा एक्ट कार्रवाई की गई है।



### 5 महीनों में अब तक 369 पर लग चुका है गुंडा एक्ट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया है कि वर्ष 2024 में अब तक कुल 369 अभियुक्तों पर गुंडा घोषित करते हुए उन्हें जनपद की सीमाओं से 6 महीने के लिए जिला बदर किया गया है जबकि 39 ऐसे अभियुक्त हैं। जिन्हें अपने स्थानीय थाने में हाजिरी देने का आदेश किया गया है।



# सपा और कांग्रेस भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी: मुख्यमंत्री योगी



**कुशीनगर/देवरिया।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कुशीनगर और देवरिया में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। कुशीनगर में सीएम योगी ने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस राम मंदिर के मार्ग में बाधा बनती थी, जैसे ही कमल को आपका आशीर्वाद मिला, केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुझे अवसर मिला तो एक झटके में सारी बाधाएं दूर हुईं और अयोध्या में राम मंदिर बन गया। अब, भावी पीढ़ी से कह सकेंगे कि राम मंदिर का निर्माण हमने अपनी आंखों से देखा है। कमल को वोट देने वाले कहें कि राम मंदिर का निर्माण हमने किया है। इसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है, लेकिन मोदी-योगी की ताकत आप हैं। उन्होंने कहा कि 'फिर एक बार मोदी सरकार', 'अबकी बार 400 पार' का नारा सुन सपा को चक्कर आ रहा है, वह कभी 400 सीटों पर चुनाव लड़ ही नहीं सकती। सपा केवल 60 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसमें से पांच पर सैफई खानदान लड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने देवरिया में कहा कि जैसे प्रदेश से माफिया का सफाया किया गया है, वैसे ही पूर्वांचल से इंसेफेलाइटिस को भी समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने सपा और कांग्रेस को भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि सपा माफिया परस्त है और अपराधियों को अपने गले का हार बनाती है। कांग्रेस अमेरिका की तरह देश में विरासत टैक्स लगाना चाहती है, जो औरंगजेब का जजिया कर है। सीएम योगी ने कहा कि आज कोई भी शरीफ मुसलमान अपने बेटों का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसने अपने भाई की हत्या और पिता को कैद करके पानी-पानी के लिए तरसा दिया था। उन्होंने देवरहा बाबा और बाबा राघव दास की पावन धरा को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि प्रदेश के कुछ जिलों में 48 डिग्री तक गर्मी पहुंच गई है। भाटपार रानीवासियों को आश्वासन देने आया हूं कि आप जो पसीना बहा रहे हैं, इसके लिए भाजपा सरकार इस पूरे क्षेत्र का विकास करके आपका कर्ज चुकाने का काम करेगी।

## बिन बुलाए पाकिस्तान जाने पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने साधा पीएम मोदी पर निशाना

**वाराणसी।** पाकिस्तान सरकार में पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में बीते दिनों पोस्ट किया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में राहुल इज ऑन फायर लिखकर कांग्रेस नेता का समर्थन कर केंद्र की मोदी सरकार को आड़े हाथों लेने का प्रयास किया था। इसको लेकर बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर है। बीजेपी ने इस संबंध में सवाल किया कि आखिर ऐसा क्या हो गया कि पाकिस्तानियों का प्रेम कांग्रेस नेताओं के लिए उमड़ रहा है। आईएएनएस को दिए साक्षात्कार में पीएम मोदी ने भी बीते दिनों राहुल गांधी को पाकिस्तान की ओर से मिल रहे समर्थन को गंभीर मुद्दा बता कर इसकी जांच की मांग की थी। अब इसी मुद्दे पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का बयान सामने आया है।

# भाजपा इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है : राजनाथ सिंह

**सासाराम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को काराकाट से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजद की हवा निकलती जा रही है। ऐसे भी लालटेन एक कमरे से ज्यादा क्षेत्र में रोशनी नहीं दे सकता है। आज दुनिया में सबसे कम मंहगाई दर है तो वह भारत में है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में महंगाई दर अगर 2.91 प्रतिशत है तो पाकिस्तान में 48 प्रतिशत, फ्रांस में 19 प्रतिशत, अमेरिका में 7.7 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति तो ऐसी हो गई है कि डायनासोर की तरह दस साल में पार्टी लुप्त हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने कभी भी आंखों में धूल झोंकने की राजनीति नहीं की है। भाजपा जो कहती है, वह करती है। आज जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर दिया गया। अयोध्या में प्रभु श्री राम आज झोपड़ी से भव्य मंदिर में पहुंच गए। कल तक लोग 'तारीख नहीं बताने' को लेकर ताना मारते थे, आज वे चुप हो गए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में पहुंच गए। अब रामराज का आगाज होकर रहेगा। आज सभी को कर्तव्य बोध हो जाए तो रामराज हो जाए। भाजपा धर्म और तुष्टीकरण की राजनीति नहीं बल्कि इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है। तीन तलाक को समाप्त कर यह हमने साबित किया है। बता दें कि काराकाट में एक जून को मतदान होना है। यहां एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा का मुकाबला भाकपा माले के राजाराम सिंह से है। इस सीट से भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह भी निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं।



## न्यूज डायरी

### दिल्ली हाई कोर्ट ने यूएपीए, राजद्रोह मामले में शरजील इमाम को दी जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से बुधवार को शरजील इमाम को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया इलाके में कथित भड़काऊ भाषणों से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और राजद्रोह मामले में शरजील इमाम को वैधानिक जमानत दे दी। जमानत के बावजूद, शरजील इमाम 2020 के दिल्ली दंगों से संबंधित षड्यंत्र मामले में शामिल होने के कारण जेल में ही रहेंगे, जिसमें यूएपीए के आरोप भी शामिल हैं। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की डिवीजन बेंच ने शरजील इमाम की जमानत याचिका मंजूर कर ली। साथ ही बेंच ने निचली अदालत के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें उन्हें वैधानिक जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। शरजील इमाम का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील तालिब मुस्तफा और अहमद इब्राहिम ने मामले में इस आधार पर वैधानिक जमानत मांगी की थी कि वह अधिकतम सात साल की सजा में से चार साल पहले ही जेल में बिता चुके हैं। मुस्तफा ने कहा कि इमाम ने संभावित सात साल की सजा में से चार साल और सात महीने की कैद पहले ही पूरी कर ली है। हालांकि, दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष लोक अभियोजक रजत नायर ने याचिका का विरोध करते हुए कहा, शरजील इमाम ने आधी सजा पूरी करने की शर्त पूरी नहीं की है। शरजील इमाम का मामला सीआरपीसी की धारा 436ए के अंतर्गत आता है, जिससे वह वैधानिक जमानत के लिए अयोग्य हो जाते हैं। रजत नायर ने शरजील इमाम को लंबे समय तक मुकदमे से पहले हिरासत में रखने के लिए भी जिम्मेदार ठहराया। इसके अलावा कहा कि 2022 में इमाम के अनुरोध पर मुकदमे पर रोक लगा दी गई थी। इन आपत्तियों के बावजूद, कोर्ट ने आरोप तय करने की तारीख और गवाहों की जांच समेत विभिन्न महत्वपूर्ण तारीखों को ध्यान में रखते हुए जमानत दे दी।

### तेजस्वी और उनका गैंग सनातन को अपमानित करता है : आचार्य प्रमोद कृष्णम



**नई दिल्ली।** आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की तुलना किम जोंग उन जैसे तानाशाही नेता से करना अपमानजनक है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा के नेता होने के साथ-साथ एक साधु, संन्यासी, गोरक्षपीठाधीश्वर और सनातन के ध्वजवाहक हैं। एक हिंदू संत की तुलना किसी नर-पिशाच, तानाशाह, किम जोंग जैसे तानाशाह नेता से करना अपमानजनक है, घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने सीएम योगी को किम जोंग उन जैसा नेता बताया है। मुझे लगता है कि ये हिंदू संतों का अपमान है। तेजस्वी यादव और उनका पूरा गैंग सनातन का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ता है। ये हिंदू संतों को हटाना चाहते हैं, उन्हें मिटाना चाहते हैं। ये संन्यासियों और सनातन को गाली देते हैं। ये लोग पागल हो चुके हैं, भगवान से प्रार्थना करता हूं कि सत्ता के लालच में पागल हो चुके इन नेताओं को सद्बुद्धि दें। बता दें, तेजस्वी यादव ने मंगलवार को योगी आदित्यनाथ के बिहार दौरे को लेकर कहा था कि बिहार में चुनाव प्रचार के लिए नॉर्थ कोरिया के किम जोंग उन को भी बुला लें। योगी और किम जोंग उन दोनों को साथ खड़ा कर दिया जाए। दोनों एक ही टाइप के नेता हैं।

### बंगाल भर्ती घोटाला : सीबीआई ने तृणमूल विधायक के पति को 4 जून को पूछताछ के लिए बुलाया



**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक के पति को समन जारी कर पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला और नगर निगम भर्ती घोटाला में पूछताछ के लिए 4 जून को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। एजेंसी ने देबराज चक्रबर्ती को मध्य कोलकाता में निजाम पैलेस स्थित उसके कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है। वह गायिका से नेता बनी राजारहाट-गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक अदिति मुंशी के पति हैं। चक्रबर्ती बिधाननगर नगर निगम (बीएमसी) के सदस्य भी हैं। चक्रबर्ती ने सीबीआई से किसी और दिन पेशी का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि 4 जून को मतगणना प्रक्रिया में व्यस्त होने के कारण वह एजेंसी के कार्यालय में पेश नहीं हो सकेंगे। सीबीआई अधिकारियों ने अभी यह नहीं बताया है कि उनकी पेशी की तारीख बदलने का अनुरोध स्वीकार किया जाएगा या नहीं। सीबीआई अधिकारियों ने पिछले साल नवंबर में चक्रबर्ती के घर पर छापा मारा था और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज हासिल किये थे जिनमें शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के कुछ मार्क शीट भी शामिल हैं। इसके बाद पिछले साल ही सीबीआई चक्रबर्ती से पूछताछ कर चुकी है।

### पुणे पोर्श हादसा : शिवसेना-यूबीटी ने आरोपी डॉक्टर की सुरक्षा पर चिंता जताई

**पुणे।** शिवसेना-यूबीटी की उपनेता सुषमा अंधारे ने बुधवार को ससून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टरों में से एक की सुरक्षा पर चिंता जताई। डॉक्टर को 19 मई को पोर्श दुर्घटना के नाबालिग आरोपी के ब्लड सैंपल बदलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि मामले में आने वाले दिनों में कुछ ऐसे घटनाक्रम सामने आने की संभावना है, जिससे आरोपी डॉ. अजय तावरे की सुरक्षा पर सवाल उठेंगे। तावरे को डॉ. श्रीहरि हलनोर के साथ पकड़ा गया था। डॉ. तावरे पोर्श दुर्घटना मामले में एक महत्वपूर्ण गवाह हैं। उनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद मैं कुछ खुलासे करूंगी। इस समय मैं पुलिस पर कई अन्य चीजों का बोझ नहीं डालना चाहती। सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगी शिवसेना के प्रवक्ता संजय शिरसाट ने सुषमा के बयान को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी को भी खत्म करना इतना आसान नहीं है। उन्होंने अपना काम कुशलता से करने के लिए पुलिस की सराहना भी की। उन्होंने ने कहा, यदि वे इतनी चिंतित हैं, तो उन्हें ऐसे निराधार दावे करने के बजाय पुलिस कमिश्नर से संपर्क करना चाहिए। पुलिस ने डॉ. तावरे, डॉ. श्रीहरि हलनोर के अलावा चपरासी अतुल घाटकांबले को इस हफ्ते की शुरूआत में गिरफ्तार किया था।

# दिल्ली में पानी संकट पर वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल से किए तीखे सवाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जहां एक तरफ लोग तपिश भरी गर्मी से बेहाल हैं। वहीं दूसरी तरफ पानी की किल्लत ने भी लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इस गर्मी में दिल्लीवासियों को सरकार से बड़ी उम्मीदें थीं कि उन्हें राहत दिलाने की दिशा में कोई कदम उठाया जाएगा, लेकिन पूरा मई खत्म होने जा रहा है, अभी तक कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया है, जिससे कि आस जगे कि पानी की किल्लत खत्म होगी। इस बीच, दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने राजधानी दिल्ली में जारी पानी संकट को लेकर सीएम केजरीवाल की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, ह्लअप्रैल में ही पता चल गया था कि दिल्ली में इस बार भीषण गर्मी पड़ने जा रही है। लोगों को पानी के संकट का सामना करना होगा। लेकिन, इसके बावजूद भी आखिर दिल्ली सरकार ने ह्लसमर एक्शन प्लानह्ल पर काम क्यों नहीं किया? दिल्ली सरकार को इसका जवाब देना होगा। जिस ह्लसमर एक्शन प्लानह्ल की बैठक मार्च में हो जाती थी, उसकी बैठक इस बार क्यों नहीं हुई? दिल्ली में पानी की किल्लत ना हो, इसके लिए पहले से उपाय क्यों नहीं किए गए? पूरे अप्रैल महीने में आम आदमी पार्टी की सरकार सियासी ड्रामेबाजी करने में लगी रही- भ्रष्टाचार के सबूतों को मिटाना और जेल से बेल का खेलना। इन्हीं सब चीजों में इन लोगों ने अपना पूरा समय गंवा दिया, लेकिन आज तक कुछ नहीं किया। इनके सभी मंत्री पार्टी के लिए काम करते रहे, लेकिन किसी ने भी दिल्ली वालों की चिंता नहीं की। उन्होंने आगे कहा, मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि पंजाब में, जहां पर आपकी सरकार है, आपने वहां से पानी नहीं लिया। आप हरियाणा पर तो दोष लगाते हो। हिमाचल में आपके गठबंधन की सरकार है, आप चाहते तो वहां से भी पानी ले सकते थे, लेकिन आपने नहीं लिया। आपने दिल्लीवासियों को पानी के संकट में छोड़ना उचित समझा। मैं पूछना चाहता हूं कि दिल्लीवासियों को अतिरिक्त पानी मिले, इसके लिए आपने क्या उपाय किए? मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आप इस पर एक लाइन नहीं बता सकते। दिल्ली में पानी की बबार्दी रोकी जाए, इसका हम भी समर्थन करते हैं, लेकिन दिल्ली में पानी की बबार्दी रोकने का काम आपका था। वीरेंद्र सचदेवा ने आगे कहा, टैंकर माफियाओं को नियंत्रित करने का काम आपका था। आज पूरे दिल्ली में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। उसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है, तो वो आप हैं और आज भी यह कहता हूं कि दिल्ली को पानी देना, बिजली देना, यह आपकी जिम्मेदारी होनी चाहिए, लेकिन आपके सभी वादे कोरे साबित हुए हैं। बता दें कि हर वर्ष गर्मी की आमद होते ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत हो जाती है, जिससे यहां की जनता को बेशुमार दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में कई दफा सरकार से उचित कदम उठाए जाने की मांग की जा चुकी है, मगर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसका नतीजा है कि हर गर्मी में पानी की किल्लत से जूझना दिल्लीवासियों के लिए मजबूरी बन गई है।



## दिल्ली में पानी की बबार्दी करने पर कटेगा 2 हजार का चालान, सरकार का आदेश



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए दिल्ली सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। पानी की बबार्दी रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को सरकार की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने कई हिस्सों में हो रहे पानी की बबार्दी को देखते हुए जल बोर्ड के सीईओ को निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि वह दिल्ली भर में 200 टीमों को तैनात करें और पानी के दुरुपयोग करने वालों पर नकेल कसें। निदेर्शों के अनुसार, दिल्ली में पाइप से गाड़ी धोना, पानी की टंकी का ओवरफ्लो होना और घरेलू पानी के कनेक्शन के जरिए कमर्शियल प्रयोग करना या फिर कंस्ट्रक्शन साइट्स पर इस्तेमाल करना पानी की बबार्दी माना जाएगा। ऐसा करने पर दो हजार रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। इसके अलावा कंस्ट्रक्शन साइट्स या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पाए जाने वाले अवैध पानी के कनेक्शन को काटने के भी निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि दिल्ली में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और हरियाणा की ओर से दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दिए जाने के कारण पानी की किल्लत सामने आ रही है। ऐसे में पानी का बचाव करना अत्यंत जरूरी हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार से ये कदम उठाया है।

# अरविंद केजरीवाल के बाद पत्नी सुनीता की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर कोर्ट की सुनवाई के वीडियो क्लिप पोस्ट करने के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की जनहित याचिका जनहित याचिका अधिवक्ता वैभव सिंह द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने कई सोशल मीडिया हैंडल का नाम भी लिया है, जिन्होंने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट को संबोधित करने के लिए अरविंद केजरीवाल का ऑडियो/वीडियो पोस्ट किया है। सिंह ने घटना की विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा जांच की मांग की है। इस वजह के दायर की पीआईएल सिंह ने अपनी याचिका में तर्क दिया है कि केजरीवाल द्वारा 28 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट को संबोधित करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य विपक्षी दलों से जुड़े कई सोशल मीडिया हैंडल ने कोर्ट की कार्यवाही की वीडियो/ऑडियो रिकॉर्डिंग बनाई और उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया। कोर्ट की कार्यवाही को रिकॉर्ड करने का मामला 28 मार्च को केजरीवाल को िदल्ली शराब नीति मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कोर्ट में पेश किया गया था। केजरीवाल ने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट को संबोधित किया और कहा कि ईडी भाजपा के लिए जबरन वसूली का रैकेट चला रहा है। सिंह के अनुसार सुनवाई खत्म होने के तुरंत बाद कई सोशल मीडिया हैंडल ने कोर्ट की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग को पोस्ट, रीपोस्ट, फॉरवर्ड, शेयर, रीशेयर करना शुरू कर दिया। इस अकाउंट से साझा किया पोस्ट सुनीता केजरीवाल ने अक्षय नाम के एक एक्स (ट्विटर) अकाउंट द्वारा अपलोड की गई ऑडियो रिकॉर्डिंग को रीपोस्ट किया। सिंह ने तर्क दिया है कि कोर्ट के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय नियम 2021 के तहत अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग प्रतिबंधित है।



## ये लोग दुर्लभ मूर्ख हैं, इनकी वजह से हम 400 पार कर रहे : भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक

**पटना।** लोकसभा चुनाव के रण में राजनीतिक बयानबाजियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन को निशाने पर लिया है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपने एक बयान में कहा था कि चार जून के बाद सीएम नीतीश कुमार फिर बड़ा निर्णय ले सकते हैं। तेजस्वी के इस बयान पर मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि क्यों प्रश्न करके समय बर्बाद करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के स्तर पर दुर्लभ मूर्ख राहुल गांधी हैं, प्रदेश में तेजस्वी यादव हैं और यूपी में टीपू हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों के सवाल पर मीडिया कृपया अपना समय बर्बाद न करे। ये लोग दुर्लभ मूर्ख हैं, हमलोग 400 पार इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वो लोग हैं। अगर ये लोग नहीं होते तो हम लोग चार सौ पार कहां से करते। इनके जैसे दुर्लभ मूर्ख अगर रहेंगे तो देश इन्हें कैसे चुनेगा। इन पर समय बर्बाद नहीं कीजिए। चार जून के बाद देश को बहुत आगे बढ़ना है। इन मूर्खों के चक्कर में अगर आप लोग रहेंगे तो करियर चौपट हो जाएगा। रोहणी आचार्य ने कहा था कि अगर मुझपर खरोंच भी आई तो इसके जिम्मेदार भाजपा के लोग होंगे। इस सवाल के जवाब में अजय आलोक ने कहा कि कहां से खरोंच आएगी उनपर। चार जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आएगा और पांच जून का उनका सिंगापुर का टिकट है। अजय आलोक ने इंडिया गठबंधन को भी निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन सिर्फ मुसलमान का समर्थन करता है। साल 1947 में मुसलमानों के लिए पाकिस्तान बन गया था। राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसे दुर्लभ व्यक्ति हैं, जिन्होंने सवा सौ साल पुरानी पार्टी को जमीन में मिला दिया। उन्होंने कहा कि चार तारीख को चुनाव का परिणाम आएगा। 5 तारीख को विपक्ष के नेता देश छोड़कर दूसरे देश घूमने चले जाएंगे। वहीं, तेजस्वी यादव पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि वह बिहार का बोझ क्या उठाएंगे, 34 साल की उम्र में वह अपना बोझ नहीं उठा पा रहे हैं।



# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी 'लव और लैंड जिहाद' के मुद्दे पर झारखंड सरकार को घेरा

**दुमका।** पीएम मोदी की चुनावी रैली के ठीक 24 घंटे बाद दुमका पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी लव जिहाद और जमीन जिहाद के सवाल पर झारखंड की मौजूदा सरकार पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने दुमका लोकसभा सीट के सारठ में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में जल-जंगल-जमीन के नाम पर जो सरकार बनी, उसी की शह पर यहां लव जिहाद से लेकर जमीन जिहाद चल रहा है। घुसपैठिए आदिवासी बहनों को गुमराह कर रहे हैं, झारखंड के लोगों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और इन्हें यहां की सरकार संरक्षण दे रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता पता नहीं कैसा कीर्तिमान कायम कर रहे हैं? झारखंड में सीएम की कुर्सी पर बैठ चुका व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है।

राहुल गांधी, सोनिया गांधी, पी. चिदंबरम, केजरीवाल, लालू यादव और टीएमसी, डीएमके के नेता बेल पर हैं। चारा, अलकतरा, शराब और न जाने कितने तरह के घोटाले करने वाले तमाम नेताओं को जनता कभी दुबारा नहीं आने देगी। इनकी जगह जेल है। जेपी नड्डा ने कहा कि झारखंड में मंत्री के पीए के नौकर के घर से 29 करोड़ मिले तो यहां के कांग्रेस सांसद के यहां से 350 करोड़ जब्त हुए। यह गरीब आदिवासियों के हक का पैसा है। मोदी जी की सरकार का संकल्प है कि लूटे गए पैसे जनता को लौटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दस साल पहले देश का आम नागरिक मान चुका था कि राजनीति से कुछ बदलने वाला नहीं है, लेकिन, मोदी जी ने सरकार में आते ही अपने तप, कर्म, मेहनत से देश को आगे बढ़ाया। आज हर साधारण नागरिक बोलता है कि देश बदल रहा है। मोदी जी ने देश की राजनीति की संस्कृति और परिभाषा बदल डाली।

उन्होंने विकासवाद का नारा दिया और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के संकल्प को साकार किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश 11वें स्थान से छलांग लगाकर दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया। जल्द ही यह तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भाजपा अध्यक्ष ने दुमका लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि आने वाले 4 जून को देश एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा और मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।



## कोर्ट की कार्यवाही रिकॉर्ड करने को लेकर केजरीवाल की पत्नी, अन्य के खिलाफ याचिका दायर





**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और कई अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इन पर कथित तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के नियमों का उल्लंघन करते हुए कोर्ट की कार्यवाही को अवैध तरीके से रिकॉर्ड करने का आरोप लगाया गया है। कथित तौर पर रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। दिल्ली के वकील वैभव सिंह ने दायर जनहित याचिका में कोर्ट की कार्यवाही की कथित रिकॉर्डिंग और प्रसार में शामिल लोगों के खिलाफ जांच करने एवं एफआईआर दर्ज करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की अपील की है। याचिका में कहा गया है कि इन कार्यों से ट्रायल कोर्ट के जज का जीवन खतरे में पड़ गया है। वैभव सिंह की याचिका में सीएम की पत्नी के अलावा अक्षय मल्होत्रा, प्रमिला गुप्ता, विनीता जैन और डॉ. अरुणेश कुमार यादव समेत कई व्यक्तियों के नाम भी शामिल हैं। याचिका में कहा गया है, आम आदमी पार्टी के कई सदस्यों ने अन्य विपक्षी पार्टी के सदस्यों के साथ मिलकर जानबूझकर कोर्ट की कार्यवाही का ऑडियो और वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसका उद्देश्य जानबूझकर कोर्ट की छवि खराब करने और उस पर दबाव डालना था। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि सीएम केजरीवाल और उनकी पार्टी के सदस्यों ने अदालती कार्यवाही को रिकॉर्ड करने और उसे शेयर करने के लिए एक पूर्व नियोजित साजिश रची। याचिका में जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने के लिए गहन जांच की मांग की गई है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

नई दिल्ली।। गुरुवार 30 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट







# शहर विधानसभा में रही है त्यागी समाज की भागीदारी अगर हुआ उपचुनाव तो ये चेहरे करेंगे दावेदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव का नतीजा 4 जून को आ रहा है और यहां कांग्रेस अपनी जीत का दावा कर रही है, बसपा अपनी जीत का दावा कर रही है लेकिन लगातार तीन चुनाव से लोकसभा सीट पर काबिज भाजपा का दाव अपनी जगह है। भाजपा ने अपने शहर विधायक अतुल गर्ग को यहां लोकसभा उम्मीदवार बनाया है। लिहाजा भाजपा इस बात को लेकर मुतमईन है कि उनका विधायक लोकसभा सांसद बनेगा और यहां विधानसभा उपचुनाव होगा। यहां दावेदारी ब्राह्मण, वैश्य और ओबीसी कर रहे हैं लेकिन इन सबके बीच में अगर इस सीट को देखें तो यहां त्यागी दावेदारी सबसे भारी पड़ती है। बालेश्वर त्यागी यहां से लगातार विधायक रहे हैं। उनके बाद यहां सुरेन्द्र गोयल सांसद बने। लेकिन जब उपचुनाव हुआ तो यहां त्यागी बिरादरी की चुनावी दस्तक बहुत मजबूत थी। बालेश्वर त्यागी के बाद सुरेन्द्र गोयल विधायक बने और जब यहां उपचुनाव हुआ तो सपा के सुरेन्द्र मुन्नी तब विधायक बन पाये थे जब सपा सरकार थी और 18 मंत्रियों ने यहां डेरा डाला था। यहां कांग्रेस ने सतीश त्यागी को टिकट दिया था और सतीश त्यागी दूसरे नंबर पर आये थे और पांच हजार वोटों से चुनाव हारे थे। तब भाजपा तीसरे नंबर पर आई थी और उनका उम्मीदवार वैश्य था। बसपा चौथे नंबर पर आई थी और उनका उम्मीदवार ब्राह्मण था। इसके बाद जब विधानसभा चुनाव हुआ तो यहां भाजपा वैश्य उम्मीदवार के रूप में अतुल गर्ग को लाई लेकिन यहां बसपा के वैश्य चेहरे सुरेश बंसल विधायक बने। परिसीमन ने यहां पर फर्क डाला और मुरादनगर जैसी सीट पर वो राजपाल त्यागी चुनाव हार गये जो निर्दलीय के रूप में कार कप प्लेट, सपा की साईकिल और बसपा क हाथी पर चुनाव जीते, कांग्रेस के हाथ पर चुनाव जीते। लेकिन ये सीट एक बार चिपकी और फिर वापस यहां के सबसे पॉवरफुल परिवार त्यागी परिवार के पास आ गई। यहां अजीत पाल त्यागी लगातार दूसरी बार भाजपा से विधायक हैं। अगर बात विपक्ष की करें तो भी यहां राष्ट्रीय लोकदल से त्रिलोक त्यागी बहुत मजबूती से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। जिलापंचायत अध्यक्ष के रूप में त्यागी चेहरा मौजूद है। जिन चेहरों की बात हो रही है उनमें वीरेश्वर त्यागी, प्रेम त्यागी, रूद्र प्रताप त्यागी, अमरीश त्यागी, बसंत त्यागी, केडी त्यागी, बॉबी त्यागी, राकेश त्यागी काकड़ा और अमित त्यागी, राजेश त्यागी, अमित त्यागी पार्षद सहित कई चेहरे है तो भाजपा की त्यागी सियासत में चुनावी दस्तक दे सकते हैं। इनमें कई पुराने भाजपाई हैं और वो अपनी दावेदारी के साथ चुनावी भागीदारी को डिजर्व भी करते हैं।





## मूल भाजपाई और वरिष्ठता है डॉ. वीरेश्वर त्यागी का आधार

करंट क्राइम। अगर चुनावी भागीदारी की बात करें तो डॉ वीरेश्वर त्यागी एक ऐसे चेहरे हैं जिनकी संघ में पकड़ से लेकर पार्टी में वरिष्ठता है। भाजपा के प्रति ये चेहरा पूरी तहर समर्पित और निष्ठावान रहा है। लोकसभा से लेकर विधानसभा तक दावेदारी कर चुके हैं। अगर सर्मपण, वरिष्ठता पैमाना है तो डॉ वीरेश्वर त्यागी इस फ्रेम में फिट बैठते हैं।

## चुनावी मैनेजमेंट के गुरु अमरीश त्यागी की दावेदारी

करंट क्राइम। पूर्व सांसद केसी त्यागी के सुपुत्र अमरीश त्यागी अंतरार्ष्टीय स्तर के चुनावी एक्सपर्ट है। शिक्षाविद हैं और राजनीति का एक ऐसा चेहरा जो शिक्षा से लेकर चुनाव तक अपने टैलेंट की धमक सुना चुका है। अमरीश त्यागी का नाम पहले ही विधानसभा दावेदारी में चला था। सियासी गलियारों में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखने वाले अमरीश त्यागी भी युवा त्यागी चेहरे के रूप में दावेदार हो सकते हैं।



## युवा त्यागी सियासत में रुद्र प्रताप त्यागी के बढ़ते कदम

करंट क्राइम। रूद्र प्रताप त्यागी एक प्रतिष्ठित सियासी परिवार से आते हैं। वो त्यागी सियासत का उभरता हुआ चेहरा हैं। किसान मोर्चा की ट्रैक्टर रैली में खुद को साबित किया था। विधानसभा चुनाव की दावेदारी में सियासी परिवार के इस युवा चेहरे को इग्नोर नहीं किया जा सकता है।



## लाइफ टाइम अवार्ड बनता है प्रेम त्यागी के नाम

करंट क्राइम। प्रेम त्यागी एक जमाने से भाजपा का झंडा उठा रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं और प्रतिष्ठित त्यागी परिवार से आते हैं। बेहद विनम्र और मिलनसार स्वभाव के प्रेम त्यागी का नाम भी विधानसभा की दावेदारी के फ्रेम में फिट बैठता है। वरिष्ता, समर्पण, शालीनता के साथ उनकी दावेदारी अगर उम्मीदवारी में बदलती है तो उसे लाइफ टाइम समर्पण अवार्ड माना जा सकता है।



## बसंत त्यागी को मिलेगा क्या चुनावी मौका



करंट क्राइम। बसंत त्यागी भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं, क्षेत्रीय टीम में रहे है और उनकी पत्नी ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं है। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले बसंत त्यागी को क्या भाजपा चुनावी रण में लायेगी। क्या उन्हें भाजपा चुनाव लड़ने का मौका देगी।

## क्या केडी त्यागी के नाम पर करेगा संगठन विचार



करंट क्राइम। केडी त्यागी ब्लॉक की राजनीति करते हैं और उनका नाम भी त्यागी समाज के चुनावी चेहरों में है। दावेदारी करना सभी का अधिकार है और केडी त्यागी विधानसभा वाली दावेदारी में है। वो लखनऊ से दिल्ली तक अपने सम्पर्कों की एक चेन लिये है। सवाल यही है कि क्या संगठन केडी त्यागी के नाम पर विचार करेगा।

## बॉबी त्यागी-राजेश त्यागी से लेकर अमित त्यागी-राकेश त्यागी भी हैं दावेदार





करंट क्राइम। त्यागी समाज के दावेदार चेहरों की बात करें तो भाजपा के महामंत्री राजेश त्यागी भी एक दावेदार हैं पुराने भाजपाई हैं और चुनावी दावेदारी बनती है। महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी भी आने वाले समय की सियासत के नाम हैं। अमित त्यागी पुराने भाजपाई है, निगम पार्षद बने हैं और विधानसभा दावेदारी में नाम आता है। राकेश त्यागी काकड़ा, राजीव त्यागी, कुलदीप त्यागी, शिवांशु त्यागी भी त्यागी समाज के चुनावी दावेदारी में आने वाले नाम है।

---

# कब्जामुक्त कराई गई निगम की रिक्त भूमि पर संपत्ति विभाग ने लगाए बोर्ड, नगर आयुक्त ने बाउंड्री कराने के दिए निर्देश



**सरकारी भूमि कब्जाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में निगम सीमा अंतर्गत तेजी से सरकारी जमीन को कब्जामुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में संपत्ति विभाग ने निगम की रिक्त भूमि पर गाजियाबाद नगर निगम का बोर्ड लगाने शुरू कर दिये हैं। साथ ही नगर आयुक्त ने निगम की रिक्त भूमि पर बाउंड्री करने के निर्देश निर्माण विभाग को जारी किए हैं। संपत्ति विभाग ने सिटी जोन तथा मोहननगर जोन में निगम की रिक्त कराई गई भूमि पर बोर्ड लगा दिये हैं।

नगर आयुक्त के नेतृत्व में निगम सीमा अंतर्गत बड़े पैमाने पर सरकारी भूमि को रिक्त कराया गया है जोकि लगातार अभियान के रूप में कार्य चल रहा है। सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का कब्जा होने की दशा में भू माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए भी कहा गया है जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम संपत्ति विभाग तथा वरिष्ठ अधिकारी कार्य में जुटे हुए हैं।




**इन स्थानों पर कब्जामुक्त की गई जमीन पर लगे बोर्ड**

करंट क्राइम। सिटी जोन में लगभग 50 करोड़ की भूमि पर निगम के बोर्ड लगाए गए जिसमें नंदग्राम स्थित घूकना खसरा नंबर 402, सद्दीक नगर खसरा नंबर 912, नूर नगर खसरा नंबर 41, सिहानी खसरा नंबर 36 में गाजियाबाद नगर निगम के पीले रंग के बोर्ड स्थाई रूप से लगाए गए हैं। इसी क्रम में मोहन नगर जोन अंतर्गत भी लगभग 50 करोड़ की सिकंदरपुर गांव क्षेत्र में खसरा नंबर 293 तथा 122 पर भी बोर्ड लगा दिये गए हैं। संपत्ति विभाग द्वारा बोर्ड स्थापित करने के साथ-साथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को सूचना भी दी गई है, नगर आयुक्त के निर्देश पर शीघ्र ही उक्त भूमि पर स्थाई रूप से बाउंड्री का कार्य भी कराया जाएगा।

---

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने उठाया पार्किंग की वैधता को लेकर सवाल कहा अवैध पार्किंग से लग रहा है पूरे शहर में जाम



**अगर नगर निगम इन अवैध पार्किंग चलाने वालों को संरक्षण देना बंद कर दे और इन पार्किंगा को बंद करा दे तो शहर की सड़कों पर लगभग 80 प्रतिशत जाम से मुक्ति मिल जायेगी।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव पार्षद कार्यकाल से लेकर पूर्व पार्षद होने तक मुद्दों को उठाने में कभी पीछे नहीं रहते। वो अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं। नगर निगम में जब ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने की बात कही तो इस पर पूर्व पार्षद हिमांशु लव का पहला बयान आया। उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र लिखा और कहा कि नगर निगम ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को जनवरी 2025 तक शुरू करेगा। जबकि वर्तमान में नगर निगम द्वारा सड़कों पर चल रही अवैध पार्किंग को संरक्षण दिया जा रहा है। जिसके कारण सड़क के दोनों किनारों पर जाम की स्थिति रहती है। उन्होंने कहा कि अगर नगर निगम इन अवैध पार्किंग चलाने वालों को संरक्षण देना बंद कर दे और इन पार्किंग को बंद करा दे तो शहर की सड़कों पर लगभग 80 प्रतिशत जाम से मुक्ति मिल जायेगी। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि इस तरह के सिस्टम शुरू करने से पहले नगर निगम को अपने प्रत्येक वार्ड में कार पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए जिससे वार्ड के वाहन आसानी से पार्क हो और लोगों को जाम आदि का सामना नहीं करना पड़े। हिमांशु लव ने नगर आयुक्त को सुझाव दिया है कि वो सड़कों पर चल रही अवैध पार्किंग को बंद करा दें तो इसका अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा।

## हिमांशु लव ने नगर आयुक्त को गिनाई अवैध पार्किंग

करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा और कहा कि सड़कों पर चल रही पार्किंग बंद करायी जाये। उन्होंने जिन पार्किंगों को अवैध बताया उनमें ऑपूलेंट मॉल के पास सड़क पर हो रही पार्किंग है, यशोदा अस्पताल के पास सड़क पर चल रही पार्किंग को अवैध बताया। शिवा टॉवर के पास चल रही पार्किंग अवैध बताई और बताया कि तहसील कंपाउंड और गांधी नगर की सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग चल रही है। हिमांशु लव ने यह भी कहा कि सड़कों के किनारे जो पार्किंग चलायी जा रही है वो उत्तर प्रदेश ट्रैफिक नियमावली का सीधा सीधा उल्लंघन है।



---

# लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा न्यायालय का है आभार

## ...लेकिन लड़ाई जारी रहेगी पुलिस की तानाशाही और अत्याचार के खिलाफ

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा लोनी के क्रान्तिकारी विधायक विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने पार्षद मामले में अपनी शांति को ब्रेक किया और वो इस प्रकरण में भाजपा सियासत के सम्मान और अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर सामने आये। नन्द किशोर गुर्जर एक ऐसे विधायक हैं जिन्हें सियासत और वकालत दोनों का तजुर्बा है। वो छात्र संघ की पाठशाला से निकलकर विधानसभा तक पहुंचे हैं। उन्होंने भाजपा के जिलाध्यक्ष पद को भी संभाला है और लोनी से लगातार दूसरी बार विधायक हैं। वो पेशे से अधिवक्ता हैं और गाजियाबाद न्यायालय परिसर में एक चैम्बर के बाहर उनका नाम अधिवक्ता के रूप में दर्ज है। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पार्षद को पुलिस द्वारा जेल भेजे जाने के मामले में और फिर अदालत से बेल मिलने के बाद जब पार्षदों ने इस पर खुशी जताई और इसे अपनी जीत बताया तो लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का इस पूरे मुद्दे पर बयान आया।





करंट क्राइम से बातचीत में लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि पार्षद इसे अपनी जीत बता रहे हैं जबकि ये फैसला न्यायालय का है। जीत तो तब मानी जाती जब पार्षदों से पुलिस आयुक्त मुलाकात करते। इस मामले की जांच होती और या तो पार्षद के खिलाफ लूट जैसी धारायें हटती या फिर मुकदमा वापस होता। पार्षद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, एक भी धारा कम नहीं की और अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए ये माना कि पुलिस ने मुकदमा सही दर्ज नहीं किया और उन्होंने इस आधार पर जमानत दी। मैं न्यायालय द्वारा दिये गये जमानत के निर्णय पर अदालत का आभार व्यक्त करता हूं। एक अधिवक्ता के नाते भी इस बात का आभार है कि न्यायपालिका ने इस मुकदमें में सही बात सुनकर तथ्यों के आधार पर फैसला दिया। जहां तक बात एक जनप्रतिनिधि के रूप में है तो मैं ये कहना चाहता हूं कि पुलिस की तानाशाही और अत्याचार के खिलाफ विरोध जारी रहेगा। इस मामले में पार्षदों ने एकजुटता दिखाई, इसके लिए वो बधाई के पात्र हैं लेकिन पार्षदों की एकजुटता से पार्षद को जमानत नहीं मिली है बल्कि यह अदालत की कार्यवाही है। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि पुलिस का ध्यान इन दिनों जनप्रतिनिधियों को आतंकित करने में है। उन्होंनें कहा कि मेयर को प्रथम नागरिक का दर्जा प्राप्त है और मेयर के साथ पुलिस अधिकारी का व्यवहार ठीक नहीं रहा, इसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि यदि सरकार के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं तो जनप्रतिनिधि भी सरकार का हिस्सा होते हैं और उनकी जवाबदेही सरकार और जनता दोनों के प्रति होती है। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि हम इस मामले में शांत नहीं बैठेंगे और यह मामला केवल मेयर नहीं बल्कि सभी जनप्रतिनिधियों के सम्मान से जुड़ा है। चुनाव के बाद सभी जनप्रतिनिधि इस मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे।

मेरे पास इस बात के पूरे साक्ष्य हैं कि कई मामलों में पुलिस ने मनमानी कार्यवाही की है। कई कार्यकताओं को मुचकले में पाबंद किया और कई 151 के मामले में लोगों को जिला बदर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दो महीने में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। अगर पुलिस अधिकारी अपराधों पर काबू नहीं पा रहे हैं और उनका व्यवहार जनप्रतिनिधियों के लिए ठीक नहीं है तो फिर यह एक चिंता का विषय हैं। हम मुख्यमंत्री जी से मुलाकात करेंगे।

## संपादकीय

# कुदरत से छेड़छाड़ का नतीजा हैं आपदाएं

कभी दक्षिण भारत, तो कभी महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल और ओड़ीशा चक्रवर्ती तूफान की तबाही झेलने को अभिशप्त हैं। हालांकि भूवैज्ञानिक अध्ययनों, मौसम विज्ञान विभाग की निरंतर निगरानी और अत्याधुनिक तकनीक की मदद से समुद्री हलचलों का पहले ही पता लगा लिया और सूचना तकनीक के जरिए लोगों को सतर्क कर दिया जाता है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा प्रबंधन दलों के सहयोग से किसी बड़े नुकसान को रोकने की कोशिश की जाती है। इस तरह काफी हद तक जानमाल का नुकसान रुक जाता है मगर हर बार तूफान जनजीवन और अर्थव्यवस्था पर अपने गहरे घाव छोड़ ही जाता है। रविवार को बंगाल की खाड़ी से उठे रेमल चक्रवाती तूफान ने पश्चिम बंगाल के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में भारी तबाही मचाई। अब हालांकि तूफान का वेग धीमा पड़ गया है, मगर इसका असर बिहार और पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बने रहने की संभावना जताई गई है। पश्चिम बंगाल में इस तूफान ने उनतीस हजार से अधिक घरों को नष्ट कर दिया, हजारों पेड़ उखड़ गए, दो लाख से ऊपर लोगों को करीब साढ़े चौदह सौ आश्रय स्थलों पर पहुंचाना पड़ा। कई लोगों की मौत हो गई। रेमल तूफान ने पश्चिम बंगाल सरकार के सामने एक बार फिर जनजीवन बहाल करने की बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

हजारों घरों की बिजली काट दी गई है। सैकड़ों खंभे टूट कर गिर चुके हैं। पिछले तीन दिन से पश्चिम बंगाल और असम की हवाई तथा रेल सेवाएं रोक दी गई हैं। इस तरह उन इलाकों में कारोबार को कितना नुकसान पहुंचा है, अंदाजा लगाया जा सकता है। जो लोग बेघर हो गए हैं, उनका जीवन कब पटरी पर लौटेगा, उन्हें सरकारी मदद कितनी मिल पाएगी, इस सब का आकलन करना अभी मुश्किल है। कुदरत के कोप के सामने व्यवस्थाएं किस कदर निस्सहाय पड़ जाती हैं, रेमल जैसी घटनाएं इसका उदाहरण हैं। ऐसा नहीं कि यह कोई पहली आपदा है। पिछले कुछ वर्षों में चक्रवर्ती तूफान, बारिश, बाढ़ और आंधी-तूफान से लगातार तबाही के मंजर सामने आते रहे हैं। उनसे पार पाने के उपाय भी सरकारें जुटाती रही हैं। मगर कुदरत के कहर को रोकने का कोई उपाय उनके पास नहीं है। छिपा तथ्य नहीं है कि प्राकृतिक आपदा की बढ़ती घटनाओं के पीछे सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। समुद्र का स्वाभाविक तापमान उसकी सहनशीलता को पार कर चुका है। इसी के चलते अल-नीनो और ला-नीना जैसी स्थितियां पैदा होती हैं। कुदरत बार-बार शायद यह चेतावनी दे रही है कि अगर उसके साथ छेड़छाड़ से परहेज नहीं किया गया, तो लाख उपाय किए जाएं, स्थितियां विकट ही होती जानी हैं।

हर वर्ष जलवायु परिवर्तन के संकटों से पार पाने के लिए बैठकें आयोजित होती हैं, उनमें दुनिया भर के देश इससे पार पाने के उपायों पर अमल का संकल्प दोहराते हैं, मगर अभी तक इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा सामने नहीं आ सका है। आर्थिक विकास की होड़ में कुदरत की परवाह ही किसी में नहीं दिखती। ताकतवर देश कमजोर देशों पर दबाव डाल कर प्रदूषण और हानिकारक गैसों, जहरीले रासायनिक कचरे के उत्पादन को कम करना चाहते हैं, मगर अपने ऊपर लगाम लगाने को तैयार नहीं दिखते।

# प्लक ने 100 करोड़ रुपये का एआरआर किया हासिल

**मुंबई।** फ्रेश फूड ब्रांड प्लक ने वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान 100 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व रन रेट (एआरआर) हासिल किया है। दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं देने वाली प्लक आठ से ज्यादा मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। कंपनी किसानों को पांच लाख घरों से जोड़ती है और हर महीने 20 लाख से ज्यादा उत्पाद डिलीवर करती है। कंपनी के इस मुनाफे का श्रेय अमेजन, स्विगी, जेप्टो और ब्लिंकिट जैसे उद्योग के दिग्गजों के साथ रणनीतिक साझेदारी को दिया जा सकता है। इसके अलावा रेडी टू कुक मील बनाने वाली प्रमुख भारतीय फूड-टेक स्टार्टअप कूक के साथ किए गए करार से प्लक की उत्पाद रेंज को काफी फायदा हुआ है।




इस समझौते ने राजस्व के आंकड़ों को भी मजबूत किया है। कंपनी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में बॉलीवुड आइकन करीना कपूर खान की भागीदारी ने प्लक की ब्रांड पहचान को और बढ़ाया है। कंपनी के ग्रोथ पर टिप्पणी करते हुए प्लक के सीएफओ नेल्सन डिसूजा ने कहा, "हमारे डिजिटल एफएंडवी बाजार का विस्तार हुआ है, जिससे प्लक के उत्पादों को अधिक स्वीकृति मिली है। हम अपने अभिनव दृष्टिकोण, मजबूत उत्पाद पोर्टफोलियो और विभिन्न रणनीतिक साझेदारी के कारण अपनी विकास आकांक्षाओं के बारे में आश्वस्त हैं।" उन्होंने कहा, "प्लक तेजी से विकास की राह पर है और इसकी योजना 12 महीनों के भीतर अपने राजस्व को दोगुना करने और अगले तीन वर्षों में 15 शहरों तक अपनी उपस्थिति को बढ़ाने की है।" ओएनडीसी पर अपनी लिस्टिंग के साथ प्लक अब 5 लाख ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है। प्लक की सफलता के पीछे इसकी तकनीकी टीम का बहुत बड़ा हाथ है। टीम ने किसानों के लिए अपने उत्पादों को सूचीबद्ध करने के लिए एक विक्रेता पोर्टल, 1,000 से अधिक साझेदार खेतों से उत्पादों की ट्रेसेब्लिटी, फलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए ओजोन वाशिंग और फलों की मिठास की डिग्री का परीक्षण करने के लिए ब्रिक्स तकनीक विकसित की है। इसके अलावा टीम ने चीजों की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए एआई सिस्टम, बेहतर मूल्य निर्धारण के लिए ऑटो प्राइसिंग एल्गोरिदम, कुशल डिलीवरी रूटिंग और शहरों में स्टॉक की उपलब्धता का प्रबंधन करने के लिए लाइव ऑर्डर ट्रैकिंग लागू की है। डिसूजा ने कहा, हम अपने संचालन के हर पहलू को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में विश्वास करते हैं। उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने से लेकर डिलीवरी मार्गों को अनुकूलित करने तक हमारे तकनीकी नवाचार और हमारी सफलता ग्राहकों की संतुष्टि पर निर्भर करती है। हमारा लक्ष्य ताजे भोजन को आसानी से सुलभ बनाने के साथ ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

ग्राहक अनुभवों को और बेहतर बनाने के लिए कंपनी अपने स्वयं के ऐप पर भी काम कर रही है। गुणवत्ता और नवाचार के प्रति प्लक की प्रतिबद्धता इसके विकास को आगे बढ़ा रही है, जो डिजिटल ताजा खाद्य बाजार में एक मजबूत भविष्य का वादा करती है।

# विदेशी निवेशकों ने मई में भारतीय शेयर बाजार से निकाले 24,000 करोड़ रुपये

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मई का महीना काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। बाजार ने निवेशकों को सकारात्मक रिटर्न दिया है, लेकिन विदेशी निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में जमकर बिकवाली की है। भारतीय बाजार से मई में अब तक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) करीब 2.89 अरब डॉलर (24,082 करोड़ रुपये) निकाल चुके हैं।



यह एशिया में विदेशी निवेशकों द्वारा निकाली गई सबसे बड़ी राशि है। वहीं, जनवरी 2024 के बाद सबसे बड़ा एफआईआई आउटफ्लो है। मई में अब तक सेंसेक्स और निफ्टी क्रमशः 0.9 प्रतिशत और 1.25 प्रतिशत का रिटर्न दे चुके हैं। इस दौरान एशिया के अन्य बाजार जैसे हांगकांग ने 5.8 प्रतिशत, जापान ने 1.2 प्रतिशत, कोरिया ने 1.1 प्रतिशत, ताइवान ने 1 प्रतिशत और जकार्ता ने 0.3 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, इस दौरान शंघाई के बाजार ने 2 प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है। भारत के अलावा एफआईआई की ओर से इंडोनेशिया में 700 मिलियन डॉलर, वियतनाम से 415 मिलियन डॉलर, थाईलैंड से 210 मिलियन डॉलर और फिलीपींस से 58 मिलियन डॉलर की राशि निकाली गई है। एफआईआई की ओर से जापान में 7.59 अरब डॉलर, ताइवान में 6.26 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया में 1.44 अरब डॉलर और मलेशिया में 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश किया गया है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स की यूएई बिजनेस एंड स्ट्रेटेजी की प्रमुख तनवी कंचन ने कहा, भारत में विदेशी निवेशकों की बिक्री के मुकाबले 24 मई तक घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 40,986 करोड़ का निवेश किया गया है।

बड़ी बिकवाली के बाद एफआईआई की ओर से भी पिछले हफ्ते 6,195 करोड़ की खरीदारी की गई है। उन्होंने आगे कहा, भारत में विदेशी निवेशकों द्वारा बड़ी बिकवाली की वजह हांगकांग के बाजारों में तेजी होना है। एफआईआई भारत के महंगे बाजार से पैसा निकालकर सस्ते हांगकांग के बाजार में निवेश कर रही है।

## आरबीआई के 3 नए फैसलों से फिनटेक सेक्टर को मिलेगा बूस्ट




**नई दिल्ली।** फिनटेक इंडस्ट्री के लीडर्स की ओर से बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में शुरू किए गए प्रवाह पोर्टल, रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और फिनटेक रिपॉजिटरी की सराहना की गई। साथ ही कहा कि इससे देश के फिनटेक सेक्टर को बूस्ट मिलेगा। रिपॉजिटरी सभी फिनटेक संस्थाओं को अपने तकनीकी कार्यान्वयन और गतिविधियों को दस्तावेज करने और साझा करने के लिए एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करेगी, जिससे उद्योग के भीतर अधिक पारदर्शिता आएगी और विश्वास को भी बढ़ावा मिलेगा। फाइब के मुख्य तकनीकी अधिकारी (सीटीओ), अनिल सिन्हा ने कहा कि रिपॉजिटरी में एडवांस एआई और एमएल जैसी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। इसकी मदद से फिनटेक फर्म, डेटा आधारित इनसाइट्स, संचालन में कार्यकुशलता लाने के साथ ग्राहकों को अधिक व्यक्तिगत और कुशल अनुभव प्रदान कर सकती है। इससे प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और इंडस्ट्री की ग्रोथ में सहायता मिलेगी। रिपॉजिटरी आने का सीधा फायदा ग्राहकों को मिलेगा। इससे पारदर्शिता और विश्वास बढ़ेगा। एडवांस एआई और एमएल के इस्तेमाल होने से यह काफी सुरक्षित हो गया है। इसकी मदद से व्यक्तिगत और किफायती वित्तीय सॉल्यूशंस उपलब्ध कराना आसान हो जाएगा।


## प्रिय कैसा है तेरा प्यार

प्रस्तुति करंट क्राइम

**नरेंद्र राठी**
**(कवि गाजियाबादी)**



कैसे बताऊँ मैं,
प्रिय कैसा है तेरा प्यार.,
कोई जादू है या प्रभु का उपहार,
जैसे तपती धरती पर हो बूँदों की बौछार,
सूनेपन में बजी हो पायल की झनकार,
सूखे रेगिस्तान में जैसे
आई बसंत ऋतु की बाहर,
अमावस की काली रात,
प्रातः हुआ हो सूरज
का दीदार,
जैसे बिन पानी तड़फती मछली को,
सागर मिल गया हो,
टूटे दिल का तेरे दर्श से तन मन खिल गया हो,
तुम मिली जैसे मिल
गया सारा संसार,
कैसे बताऊँ मैं,
प्रिय कैसा है तेरा प्यार,
कोई जादू है या प्रभु का उपहार,,,//



# पेटीएम में अदाणी को हिस्सेदारी बेचने की बात महज कयासबाजी

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने अहमदाबाद में अदाणी के कार्यालय में गौतम अदाणी से मुलाकात की और सौदे की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। हालांकि कंपनी ने इन खबरों को काल्पनिक करार दिया है। पेटीएम ने एक मीडिया रिपोर्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया था कि दावा किया गया है कि अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी पेटीएम में हिस्सेदारी खरीदने के लिए पेटीएम के संस्थापक विजय शंकर शर्मा के साथ बातचीत कर रहे थे। देश की जानीमानी फिनटेक कंपनी ने इस खबर को काल्पनिक करार दिया है। कंपनी ने कहा है कि ऐसी खबरें महज कयासबाजी हैं। पेटीएम ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि कंपनी इस संबंध में किसी तरह की बातचीत नहीं कर रही है। फाइलिंग में कंपनी ने कहा, ... हम स्पष्ट करते हैं कि उपरोक्त समाचार अटकलबाजी है और कंपनी इस संबंध में किसी भी चर्चा में शामिल नहीं है। हमने हमेशा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और खुलासे की आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के तहत अपने दायित्वों के अनुपालन में खुलासे किए हैं और करते रहेंगे। तड़के एक अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी पेटीएम की पैतृक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में हिस्सेदारी खरीदना चाह रहे हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## राशिफल

**मेष:** अपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। लंबे समय से चली आ रही घरेलू परेशानियों का समाधान निकलेगा।

**वृष:** किसी बड़ी कम्पनी से डील फिक्स हो सकती है। समय-समय पर मेलबॉक्स चेक करते रहें क्योंकि किसी भी समय कोई जरूरी मैसेज आ सकता हैं।

**मिथुन:** आप कोई नया काम शुरू करने की योजना बनाएंगे जिससे आगे चलकर आपको आर्थिक लाभ होगा। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा।

**कर्क:** आप व्यवहारिक होकर अपने चिड़चिड़ेपन को दूर करने की कोशिश करें। उन लोगों से दूर रहने की जरूरत है जो ओवर रिएक्ट करते हैं।

**सिंह:** आज कामकाज में मन लगा रहेगा। कार्यक्षेत्र में परफॉरमेंस अच्छी होने से ऑफिस में आपकी अलग पहचान बनेगी।

**कन्या:** जीवनसाथी से कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। व्यक्तित्व प्रतिभाशाली रहेगा जो विरोधियों के सामने पहाड़ बनकर खड़ा नजर आएगा।

**तुला:** आपका ध्यान पुराने कार्यों को पूरा करने में अधिक लगा रहेगा। व्यापार बढ़ाने को लेकर कोई शानदार योजना बनाएंगे जिसमें भाई का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक:** महिलाएं आपना घरेलू काम समय से पहले पूरा कर लेंगी। इस राशि के नवविवाहितअपने साथी को कोई उपहार देंगे।

**धनु:** कारोबार में आप एक लय बनाकर काम करें, समय की बचत होगी। अपने ज्ञान के दायरे को बढ़ाने की कोशिश करेंगे, जिसमें आपको सफलता हासिल होगी।

**मकर:** आज ऑफिस के कार्यों में आपकी परफॉरमेंस सराहनीय रहेगी। साथ ही बॉस आपकी तारिफ करेंगे। आ रही रुकावटों से आप थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ:** सौंदर्य प्रसाधन का व्यापार कर रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा होने वाला है। आज आपको आय के नए रास्ते मिलेंगे।

**मीन:** छात्र आपने करीयर में सफलता के बेहद करीब रहेंगे। महिलाएं किट्टी पार्टी में जाएंगी। जीवनसाथी के साथ मीठी नोक-झोंक होगी।

## चुटकुले

डॉक्टर- कल रात को क्या खाया था?
लड़का- बर्गर, पिज्जा और कोक...
डॉक्टर- देखो यह फेसबुक नहीं है सच बताओ....
लड़का- जी लौकी....

---

एक मच्छर परेशान होकर बैठा था, तभी दूसरे मच्छर ने पूछा...क्या हुआ?
पहला मच्छर- कुछ नहीं यार सोच रहा हूं कि चूहेदानी में चूहा... साबुन दानी में साबुन...
ये गजब ही है कि मच्छरदानी में आदमी सो रहा है।

---

पत्नी- तुम शराब में बहुत पैसे बरबाद करते हो, अब बंद करो
पप्पू- और तुम ब्यूटी पार्लर में 5000 का कबाड़ा करके आती हो उसका क्या
पत्नी- वो तो मैं तुम्हें सुंदर लगूं इसलिए...
पप्पू- पगली तो में भी तो इसलिये पीता हूं कि तू मुझे सुंदर लगे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।



# विराट कोहली के जुड़े बिना भारत ने न्यूयॉर्क में शुरू किया अभ्यास




**न्यूयॉर्क।** 2024 टी20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क पहुंचने के बाद भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ियों ने मंगलवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। विराट कोहली इकलौते खिलाड़ी हैं जो अब तक टीम से नहीं जुड़े हैं और उनका टीम के बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले इकलौते अभ्यास मैच में खेलना भी संदिग्ध है। बीसीसीआई ने उनके यात्रा से संबंधित कोई जानकारी अब तक नहीं दी है। टीम टुकड़ों में न्यूयॉर्क पहुंची है जिसमें आईपीएल 2024 के लीग चरण से बाहर होने वाली टीमों के खिलाड़ी पहले पहुंचे, लेकिन इसमें हार्दिक पांड्या शामिल नहीं थे। जैसे-जैसे टीमें लीग या प्लेऑफ चरण से बाहर हुईं वैसे-वैसे खिलाड़ी पहुंचते गए, लेकिन हार्दिक एक ब्रेक लेने के बाद टीम से जुड़े हैं। टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई ने बताया है कि कुछ महीनों से आईपीएल 2024 में लगातार सक्रिय रहे खिलाड़ियों के लिए अभी क्या रुटीन फॉलो किया जा रहा है। बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में उन्होंने कहा, अपनी रूटीन में आसानी से ढल रहे हैं और हम केवल यह करना चाह रहे थे कि खिलाड़ी टाइम जोन के आदी हो जाएं। जसप्रीत बुमराह ने कहा, हमने अभी क्रिकेट नहीं खेला है। हम यहां टीम के साथ गतिविधि के लिए आए थे। उम्मीद है कि यह अच्छा होगा। मौसम काफी अच्छा है। खिलाड़ियों ने वॉर्मअप किया, दौड़ लगाई, कुछ हल्की स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग का काम किया और फिर फुटबॉल से थोड़ा अभ्यास किया। देसाई ने मंगलवार के सेशन पर कहा, ये खिलाड़ी ढाई महीने तक हमसे (राष्ट्रीय टीम से) दूर रहे हैं। सबको साथ लाकर पता किया जा रहा है कि वे कहां खड़े हैं और विश्व कप से पहले क्या किया जाना चाहिए। लक्ष्य यही है कि मैदान पर 45 मिनट से एक घंटा बिताया जाए ताकि आगे बढ़ा जा सके। हम उन्हें चलते देखना चाहते हैं। हम उन्हें दौड़ते देखना चाहते हैं ताकि हर व्यक्ति के लिए पहले मैच से पहले पर्याप्त काम किया जा सके। आईपीएल के बाद टीम से जुड़ने से पहले एक छोटा ब्रेक लेने वाले हार्दिक विश्व के एक नए हिस्से में खेलने के लिए काफी उत्सुक दिखे। रवींद्र जडेजा अधिक से अधिक लुत्फ लेने के मूड में दिखे तो वहीं सूर्यकुमार यादव ने पहले दिन को शानदार बताया। भारत को विश्व कप में पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलना है और उसके बाद 9 जून को उनका सामना पाकिस्तान से होगा। 12 जून को वे अमेरिका और 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलेंगे। पहले तीन मैच न्यूयॉर्क और अंतिम फ्लोरिडा में खेला जाना है।

# दक्षिण अफ्रीकी टीम में नस्लीय कोटे को लेकर बहस में कूदे एबी डिविलियर्स



**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीकी की विश्व कप टीम को लेकर इन दिनों काफी विवाद हो रहा है। आगामी टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई दक्षिण अफ्रीकी टीम में तय सीमा से कम अश्वेत खिलाड़ियों के होने से उस देश में गुस्से का माहौल है। कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में टीम के पूर्व कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का बयान सामने आया है। डिविलियर्स इस बात से हैरान नहीं हैं कि दक्षिण अफ्रीका के पहली बार विश्व कप जीतने के अभियान को शुरू करने से कुछ दिन पहले विवाद हो रहा है और नस्लीय कोटा को लेकर बातचीत हो रही है। उनका कहना है कि इस तरह की स्थिति पहले भी रही है और उनको खुशी है कि अब वह इस स्थिति के महज दर्शक हैं। डिविलियर्स ने 2018 में संन्यास लिया था।

### इस वजह से हो रहा विवाद

मौजूदा दक्षिण अफ्रीकी टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी है। टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबाडा के रूप में सिर्फ एक अश्वेत खिलाड़ी को शामिल करने के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की आलोचना हो रही है। एक अन्य अश्वेत अफ्रीकी लुंगी एनगिडी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। वर्ष 2016 में शुरू की गई नीति के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीका की टीम में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है। इनमें दो अश्वेत अफ्रीकी समुदाय के खिलाड़ी भी शामिल हैं।

### डिविलियर्स ने कही यह बात

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक डिविलियर्स ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा- इस पर ध्यान केंद्रित करते हुए टूनार्मेंट में जाना शर्मनाक है। मेरा मतलब है कि यह कोई नई बात नहीं है। हालांकि,,अच्छी बात यह है कि मैं से इस बार सिर्फ एक दर्शक हूं। मेरा वहां कुछ भी लेना-देना नहीं है।

### फिलहाल कोई चयन समिति नहीं

इस समय सीएसए की चयन समिति नहीं है और टीम का चयन मुख्य कोच शुक्री कोनराड (टेस्ट) और रॉब वाल्टर (सफेद गेंद का क्रिकेट) द्वारा किया जाता है। वाल्टर ने टीम के चयन का बचाव करते हुए कहा कि घरेलू सर्किट में चयन के लिए इतनी गहराई मौजूद नहीं है। लुंगी एनगिडी भी अश्वेत अफ्रीकी हैं जो रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जाएंगे, लेकिन वह मुख्य टीम का हिस्सा नहीं हैं। डिविलियर्स ने कहा, 'कभी-कभी ऐसी चीजें होती हैं और यह आपको चयन पैनल और कोच-कप्तान के रूप में थोड़ा दबाव में डाल देती हैं। शायद इस विश्व कप में जो कुछ भी करने की जरूरत थी उन्होंने वह अपने अधिकार के अनुसार किया। यह ध्यान में रखते हुए कि कुछ खिलाड़ी चोटिल थे, कुछ खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, टीम चुनना कभी आसान नहीं होता।'

# भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम जर्मनी से 2-3 से हारी



**मोनचेनग्लाडबाच।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम यूरोप टूर के अपने चौथे मैच में जर्मनी से अंतिम मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-3 से हार गयी। योगम्बर रावत और गुरजोत सिंह ने भारतीय टीम के लिए एक-एक गोल किया। पहले क्वार्टर में काफी एक्शन देखने को मिला। भारतीय टीम के पास पेनल्टी कार्नर के जरिये बढ़त बनाने के मौके थे लेकिन दोनों टीमें एक-दूसरे के डिफेंस से पार नहीं पा सकीं। पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में पांच मिनट बाद ही जर्मन ने गतिरोध तोड़ते हुए मैदानी गोल दागकर बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने वापसी का प्रयास जारी रखा और योगम्बर रावत के जरिये पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागकर आधे समय तक स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में कुछ ही मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और फॉरवर्ड गुरजोत ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली। जर्मनी ने कुछ मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर तक स्कोर 2-2 से बराबर रहा। अंतिम क्वार्टर के आखिरी मिनटों में जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर मिला और उन्होंने इसका फायदा उठाते हुए गोल कर मुकाबला 3-2 से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम इस यूरोप दौरे का अपना आखिरी मुकाबला जर्मनी से ब्रेडा में बुधवार को खेलेगी।

# अभिषेक के बड़ा होते समय युवराज उनके आदर्श थे :राजकुमार शर्मा



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईपीएल 2024 में अपना जलवा दिखाया और 204.22.के स्ट्राइक रेट से 16 पारियों में 484 रन जोड़े। अभिषेक के पिता और उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने आईएएनएस के साथ खास साक्षात्कार में इस युवा खिलाड़ी के करियर पर युवराज सिंह और राहुल द्रविड़ जैसे खिलाड़ियों के प्रभाव के बारे में बातचीत की। राजकुमार ने कहा, मुझे अच्छा लगता है कि युवराज सिंह जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी युवाओं को प्रशिक्षित करते हैं। युवी का उसके करियर पर काफी बड़ा प्रभाव रहा है। उन्होंने कड़ी मेहनत की और उसे दिन-रात प्रशिक्षण कराया है।" उन्होंने कहा, वह युवराज को अपना आदर्श समझता है और कहता है कि मैं युवी पाजी की तरह बल्लेबाजी करूंगा। वह उनके वीडियो देखता है और एक बार जब वे एक साथ ट्रेनिंग करना शुरू कर देते हैं तो युवी ने खुद कहा कि मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं खुद बल्लेबाजी कर रहा हूं और फिर वह तथा उनकी पूरी टीम उसे प्रशिक्षित कराती है। युवी खुद खड़े रहते हैं और उसे बल्लेबाजी करता देखते हैं।" बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने आईपीएल के 2024 सत्र में शानदार बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। उन्होंने सत्र के दौरान 204.22 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से रन बनाये और ट्रेविस हैड के साथ तूफानी ओपनिंग साझेदारियां कीं। राजकुमार ने आगे बताया कि उनका बेटा कितना प्रतिभाशाली है जिसकी बदौलत उसे क्रिकेट के कुछ बड़े नामों से मिलने का मौका मिला जिन्होंने उसे बड़े स्तर पर चमकने में मदद की। उन्होंने कहा,ह्वमैं उसके लिए अच्छे गेंदबाज लाता था और वह उन्हें छक्के मार देता था और गेंद को स्टेडियम के पार पहुंचा देता था कहर कोई यह देखकर स्तब्ध था कि एक बच्चा इतने लम्बे छक्के मार देता है। मैं हर किसी को बताता था कि वह कितना प्रतिभाशाली है। जब वह थोड़ा बड़ा हुआ तो वह प्रोफेशनल कोचों और शीर्ष खिलाड़ियों के पास गया और मैंने इस परिणाम के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। वह युवराज सिंह, राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा से मिला और देश की यात्रा करने लगा तथा अच्छा खेलने लगा।

# नौ खिलाड़ियों से खेल रहे ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को हराया



**त्रिनिदाद।** नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी 20 विश्व कप के अपने पहले अभ्यास मैच में नामीबिया को सात विकेट से हरा दिया। जोश हेजलवुड ने नई गेंद से जबरदस्त गेंदबाजी की जबकि डेविड वार्नर ने तूफानी अर्धशतक जड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने आईपीएल के कारण अपने छह प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद अपनी ताकत दिखाई। टीम ने आपने बैकरूम स्टाफ से चार स्थानापन्न खिलाड़ी उतारे। हेजलवुड ने जबरदस्त ओपनिंग स्पैल डाला, तीन ओवर में बिना कोई रन दिए दो विकेट झटके। उनके दूसरे विकेट निकोलस डेविन का कैच फील्डिंग कोच बोरोवेक ने लपका। पार्ट टाइम गेंदबाज टिम डेविड ने पूरे चार ओवर डाले। ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 119 रन पर रोक दिया। डेविड वार्नर ने मात्र 20 गेंदों पर अर्धशतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया का काम आसान कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य को निर्धारित ओवरों के आधे में हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया का अगला अभ्यास मैच गुरूवार को वेस्ट इंडीज से होगा।

# अल्टीमेट टेबल टेनिस 2024: चेन्नई में 22 अगस्त से होगी नये सीजन की शुरूआत






**चेन्नई।** शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित करने और भारतीय पैडलर्स के तीव्र विकास में मदद करने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर भारत की प्रमुख टेबल टेनिस लीग अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) टूनार्मेंट 22 अगस्त से 7 सितंबर तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में एक रोमांचक नए सीजन के लिए तैयार हो रहा है। नीरज बजाज और वीता दानी द्वारा भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के तत्वावधान में प्रमोटेड यह फ्रैंचाइजी आधारित लीग 2017 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए एक गेमचेंजर रही है। यह सुनिश्चित करते हुए कि यूटीटी जैसी पहल फले-फूले और भारत के टेबल टेनिस पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान दें, टीटीएफआई देश भर में इस खेल को बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खास बात यह है कि पहली बार यह आठ टीमों की लीग होगी, जो युवा भारतीय पैडलर्स को दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। इस महत्वपूर्ण विस्तार का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के मानक को ऊपर उठाना और खेल के भीतर उभरती प्रतिभाओं के विकास को बढ़ावा देना है। यूटीटी के को-प्रमोटर नीरज बजाज ने कहा,ह्व अतिरिक्त टीमों के लीग में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ेगा, जो रणनीतिक रूप से पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद की अवधि के साथ मेल खाता है। इससे हम देश भर में ओलंपिक के बाद के उत्साह का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा, चेन्नई में लीग का आयोजन करने का निर्णय शहर की प्रतिष्ठित खेल संस्कृति का सम्मान है। इस शहर ने कई दिग्गज पैडलर्स को जन्म दिया है, लेकिन इसकी शानदार विरासत का सम्मान करने के लिए यह हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है। देश में टेबल टेनिस की बढ़ती लोकप्रियता को उल्लेखनीय भारतीय उपलब्धियों से बल मिला, जिसने लीग के नए क्षेत्रों में विस्तार को उत्प्रेरित किया है। इस कारण लीग ने दो प्रतिष्ठित फ्रैंचाइजी को शामिल करने की गर्व से घोषणा की। ये हैं: अहमदाबाद एसजी पाइपर्स और जयपुर पैट्रियट्स। यह लीग के 2024 संस्करण के साथ शुरू होने वाले एक रोमांचक नए चरण का प्रतीक है। यूटीटी की अध्यक्ष वीता दानी ने जोर देकर कहा, यूटीटी की स्थापना के पीछे मुख्य मिशन भारत में टेबल टेनिस के कद को बढ़ाना था। हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करना और भारतीय टेबल टेनिस को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाना था। मजबूत चीनी विरोधियों के खिलाफ हमारे भारतीय खिलाड़ियों की हाल की ऐतिहासिक जीत और विश्व टीम रैंकिंग के माध्यम से ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमें इस मिशन को रेखांकित करती हैं। गोवा चैलेंजर्स ने पिछले वर्ष फाइनल में पूर्व चैंपियन चेन्नई लायंस पर जीत हासिल की थी। इस प्रकार वह यूटीटी 2024 के लिए गत चैंपियन के रूप में लीग में प्रवेश कर रहा है। उनके साथ दबंग दिल्ली टीटीसी, यू मुंबा टीटी, पुनेरी पल्टन, बेंगलुरु स्मैशर्स और दो नई फ्रेंचाइजी शामिल हैं। प्रत्येक टीम में दो विदेशी खिलाड़ियों सहित छह खिलाड़ियों का रोस्टर होगा। वे सभी इस सीजन में प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। आठ टीमों को शामिल करने के साथ प्रारूप में थोड़ा बदलाव किया गया है, जिन्हें अब चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक फ्रेंचाइजी लीग चरण के दौरान पांच मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करना जारी रखेगी, जिसमें एक बार अपने संबंधित समूह की सभी अन्य टीमों का सामना करना होगा, साथ ही ड्रॉ के माध्यम से निर्धारित विरोधी समूह की दो रैंडम रूप से चुनी गई टीमें भी होंगी।

# एफसी बार्सिलोना ने हांसी फ्लिक को दो वर्ष के अनुबंध पर मुख्य कोच नियुक्त किया



**नई दिल्ली।** स्पेन के दिग्गज फुटबॉल क्लब एफसी बार्सिलोना ने हांसी फ्लिक को दो वर्ष के अनुबंध पर क्लब का नया प्रमुख कोच नियुक्त किया है। वह जावी हर्नांदेज की जगह लेंगे। जर्मन इंटरनेशनल ने 2025/26 की समाप्ति तक दो वर्ष के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं । क्लब ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा,एफसी बार्सिलोना और हांसी फ्लिक ने समझौता कर लिया है जिससे वह 30 जून 2026 तक पुरुषों की पहली फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बन गए हैं।" हांसी फ्लिक को प्रमुख कोच के रूप में लाकर एफसी बासीलोना ने ऐसे व्यक्ति को चुना है जो गंभीर और आक्रामक खेल शैली के लिए जाना जाता है जिसने उन्हें क्लब और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता दिलाई है। फ्लिक को बवेरियन दिग्गज एफसी बायर्न म्यूनिख के साथ उनके कार्यकाल के लिए जाना जाता है। 2020 सीजन में फ्लिक ने बायर्न के साथ एक सीजन में कई जीत हासिल की, जिसमें बायर्न ने यूईएफए चैंपियंस लीग में बार्सिलोना को 8-2 से हराया। दोनों पक्षों द्वारा अनुबंध तोड़ने के समझौते पर पहुंचने के बाद बार्सिलोना ने बुधवार को जावी के आधिकारिक निकास की भी घोषणा की। क्लब जावी और उनके बाकी कोचिंग स्टाफ को उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण और उदारता और अनुबंध को तोड़ने के लिए एक समझौते तक पहुंचने में उनकी मदद के लिए सार्वजनिक रूप से धन्यवाद देना चाहता है।

# नॉर्वे शतरंज: वैशाली ने हम्पी को हराया ; प्रग्नानंदा को डिंग लिरेन से हार मिली




**स्टावनगर।** नॉर्वे शतरंज के दूसरे राउंड में सभी तीन क्लासिकल बाजियां बराबरी पर छूटीं लेकिन मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने सफेद मोहरों से खेलते हुए आमार्गेडन बाजियों (सडन डैथ) को जीत कर डेढ़-डेढ़ अंक हासिल कर लिए। भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रग्नानंदा आर, जो विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ आमने-सामने के मुकाबलों में 2-0 से आगे थे, नॉर्वे शतरंज के राउंड में अपना पहला क्लासिकल ड्रा खेला लेकिन चीनी ग्रैंडमास्टर फिर आमार्गेडन टाई ब्रेकर में विजयी रहे। मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामूरा के बीच नजदीकी क्लासिकल मुकाबला ड्रा रहा लेकिन कार्लसन ने अपना कौशल दिखाते हुए आमार्गेडन में जीत हासिल की और टूनार्मेंट तालिका में अपनी बढ़त को तीन अंक पहुंचा दिया। इस बीच अलीरेजा फिरोजा और फाबियानो कारूआना का क्लासिकल गेम भी ड्रा रहा। फिरोजा ने स्पीड शतरंज में अपनी महारत दिखाते आमार्गेडन मुकाबला जीता और महत्वपूर्ण डेढ़ अंक हासिल किये। महिला वर्ग में वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज की। समय के दबाव में हम्पी की भयंकर भूल ने वैशाली को जीत का मौका दिया और उन्होंने भारत की नंबर एक महिला खिलाड़ी को हरा दिया। लेई तिंगजी और पिया क्रैम्लिंग के साथ-साथ जू वेनजुन और अन्ना मुज्यचुक के बीच अन्य दो क्लासिक मैच कड़े मुकाबले में ड्रा पर समाप्त हुए। वेनजुन और तिंगजी की चीनी जोड़ी ने अपने संबंधित आमार्गेडन मुकाबलों में जीत हासिल की।

# भारतीय टीम ने न्यूयॉर्क में अभ्यास मैच से पहले मैदानी सत्र का विकल्प चुना



**न्यूयॉर्क।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने टी 20 विश्व कप से पहले यहां बुधवार को अपना मैदानी सत्र आयोजित किया। स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई ने हल्का रनिंग सत्र कराया जिसके साथ कुछ हल्की गतिविधियां थीं। भारतीय टीम किसी तरह के क्रिकेट अभ्यास से दूर रही क्योंकि वे अमेरिका के टाइम जोन से अभ्यस्त हो रहे हैं। सोहम देसाई ने बीसीसीआई से कहा,हमारा आज कोई अभ्यास सत्र नहीं था और इस मैदानी सत्र का उद्देश्य शरीर को टाइम जोन से अभ्यस्त कराना है और आगामी चुनौतियों के लिए खुद को मानसिक रूप से तैयार करना है। हम इस समय यही काम कर रहे हैं।" कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत,शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह,जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और यात्रा विकल्प शुभमन गिल तथा खलील अहमद इन गतिविधियों में शामिल थे। भारत को अपना एकमात्र अभ्यास मैच एक जून को न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। भारत का विश्व कप अभियान पांच जून को न्यूयॉर्क में ग्रुप ए के प्रतिद्वंद्वी आयरलैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगा। भारतीय टीम नौ जून को बहु प्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत का 12 जून को अमेरिका से मुकाबला होगा। भारतीय टीम फिर फ्लोरिडा जायेगी जहां वह 15 जून को कनाडा से भिड़ेगी।

# सिंगापुर ओपन : सात्विक-चिराग पहले दौर में बाहर



**सिंगापुर।** विश्व की नंबर एक जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को सिंगापुर ओपन बीडब्लूएफ सुपर 750 टूनार्मेंट के पहले दौर में सनसनीखेज हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को विश्व की 34वें नंबर की स्विस जोड़ी डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से 20-22, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले महिला एकल में आकर्षि कश्यप राउंड 32 में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवांग से 19-21, 20-22 से पराजय का सामना कर बाहर हो गई। सात्विक-चिराग को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 47 मिनट में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी पिछले सप्ताह बैंकाक में थाईलैंड ओपन में खिताबी जीत के बाद बीडब्लूएफ पुरुष युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई थी। उनके पास पहले गेम में गेम अंक था लेकिन वे उसे भुना नहीं पाए और गेम हार गए। सात्विक और चिराग ने पहले गेम में ही विपक्षी जोड़ी को बढ़त दे दी। वे 0-2, 2-5, 4-9 और 6-12 से पिछड़ गए। भारतीय जोड़ी ने वापसी की और स्कोर को 10-12 तक ले आये। भारतीय जोड़ी ने संघर्ष करते हुए स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया। उनके पास 20-18 के स्कोर पर गेम अंक था लेकिन स्विस जोड़ी ने वापसी करते हुए लगातार चार अंक जीते और पहला गेम 22-20 से अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में शुरूआती बढ़त बनायी लेकिन स्विस जोड़ी ने वापसी करते हुए बराबरी कर ली। सात्विक और चिराग ने 12-10 और 15-13 की बढ़त बनायी लेकिन स्विस जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 16-17 कर दिया और 21-18 से गेम जीतकर मैच निपटा दिया।

# मोबाइल टावर की रेडियो रिसीवर यूनिट में चोरी का एक्सपर्ट

# 50 हजार का ईनामी जुबेर गिरफ्तार

## कई राज्यों में फैला है नेटवर्क, हवाई जहाज से करता था वारदात के लिए सफर



**क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की टीम ने किया खुलासा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने मोबाइल टावर की रेडियो रिसीवर यूनिट की चोरी करने वाले शातिर चोर व 50 हजार रुपये के ईनामी बदमाश जुबेर को गिरफ्तार किया है। यह लोनी में रहकर कई देशों में अपने चोरी के माल को सप्लाई किया करता था। पुलिस की मानें तो शातिर जुबेर 12वीं तक पढ़ा हुआ है। जुबेर की बहन की शादी जावेद मीरापुरिया के छोटे भाई वसीम से हुई। पढ़ाई करने के बाद जुबेर ने गुजरात में उसके भाई के साथ पुराने एलईडी बल्ब की फेरी लगाने का काम किया। कबाड़ खरीदने बेचने के साथ ही जब वह गुजरात से वापस आया तो उसने मोबाइल टावर के रेडियो रिसीवर यूनिट को चोरी करना शुरू कर दिया। पुलिस की मानें तो जुबेर ने अब तक पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर के साथ ही कई प्रदेशों में टावरों से रेडियो रिसीवर यूनिट बैटरी अन्य कीमती सामान चोरी किया और फिर इसे चीन और दुबई तक भेजने का काम भी किया है । पुलिस कमिश्नरेट द्वारा इस पर 50 हजार रुपये का इनाम भी दर्ज था। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर आरोपी जुबेर के बारे में जानकारी दी।

### कम उम्र से ही चोरी की वारदात को दे रहा अंजाम

**करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जारी जानकारी दी है कि जुबेर बेहद कम उम्र से ही चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। वह बीते कुछ सालों में चोरी में इस कदर मास्टरमाइंड हो चुका था कि मोबाइल टावरों की बैटरी रेडियो रिसीवर यूनिट, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को चोरी करता और इससे मोटे रकम कमाता था। जुबेर ने बताया है कि उसके अलावा उसका जीजा वसीम, उसका बड़ा भाई जावेद कैफ, सुमित कसाना, राहुल गोयल, शोएब मलिक, वसीम अली, सोहेल मलिक, अल्ताफ, मेराजुद्दीन, शहजाद शामिल है। जिसमें सोहेल मलिक ,वसीम अल्वी, अल्ताफ दिल्ली- एनसीआर में दिन में कबाड़ की फेरी लगाने के साथ ही रात को मोबाइल टॉवरों की चोरी में सहयोग किया करते थे। बताया जा रहा है कि यह चोरी के उपकरण बेहद महंगे होते थे और इनको दुबई और चीन तक सप्लाई किया जाता था। पूछताछ में निकल कर आया है कि यह कई बार एक राज्य से दूसरे राज्य में चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए फ्लाइट से सफर किया करता था।

### कई राज्यों में दर्ज हैं जुबेर पर मुकदमे

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जुबेर के ऊपर अब तक कुल 18 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। जिसमें राजस्थान में 6, दिल्ली में सात, अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर में एक और गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में भी तीन मुकदमे अलग-अलग वारदातों के जुबेर पर दर्ज बताए गए हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं इसके सहयोगियों और फरार साथियों की क्राइम ब्रांच टीम तलाश कर रही है।

## इंदिरापुरम के शक्ति खंड में एसी फटने से लगी आग, कोई हताहत नही



**साहिबाबाद करंट क्राइम।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के शक्ति खंड दो में एक तीन मंजिला मकान के दूसरे तल पर कमरे में बुधवार दोपहर को धमाके के साथ एसी फट गया। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। घर में धुआं भर गया। हादसे में हताहत नहीं हुआ है।

फायर स्टेशन वैशाली पर बुधवार दोपहर को सूचना मिली कि इंदिरापुरम के शक्ति खंड दो स्थित प्लॉट नंबर 218 के तीन मंजिला मकान में आग लग गई। सूचना पर अग्निशमन कर्मी गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे। जहां मकान के दूसरे तल पर कमरे में आग लगी थी। अंदर धुआं भरा हुआ था। परिवार के लोग सुरक्षित बाहर निकल गए थे। अग्निशमनकर्मी बीए सेट पहनकर अंदर गए और खिड़की दरवाजे खोले। पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग को घर के अन्य हिस्सों में फैलने से पहले ही काबू कर लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि एसी फटने से आग लगी थी। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

## पार्षद सतेंदर चौधरी ने वसुंधरा सेक्टर -1 में कराया सड़क का निर्माण





**साहिबाबाद ,करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर 1 के एमआईजी क्षेत्र की सड़क का निर्माण कार्य कराया गया। वार्ड 54 के पार्षद सतेंदर चौधरी ने बताया कि पिछले काफी वर्षों से सड़क जर्जर स्थिति में थी जिस कारण बरसात के मौसम में जलभराव होने के कारण लोग चोटिल भी हो जाते थे। क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण कार्य कराने के लिए पूर्व में पत्र सौंपा था। लोगों की समस्या का समाधान करते हुए सड़क निर्माण कार्य को पूरा करा दिया गया। जल्द ही वार्ड की और भी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। पार्षद ने कहा क्षेत्र की समस्या का निष्तारण एवं उसकी साफ-सफाई को बेहतर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्र के लोगों ने पार्षद को फूलों की माला एवं मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त किया।

## बीईएल ने वेव सिटी के इस्कॉन मंदिर की रसोईघर को उपकरण और भोजन वितरण वाहन किये भेंट









**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** रक्षा क्षेत्र के अग्रणी सार्वजनिक उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भानु प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा नवीन इस्कॉन मंदिर वेव सिटी को अन्नपूर्णा रसोईघर के उपकरणों और भोजन वितरित करने वाले वाहनों का हस्तांतरण किया गया।

इस अन्नपूर्णा रसोई में बीईएल द्वारा दिये उपकरणों से एक घंटे में लगभग एक हजार लोगों का भोजन तैयार कर सकते हैं। इस परियोजना में सीएसआर का लगभग 1.10 लाख रुपए का बजट लगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भानु प्रकाश श्रीवास्तव, रश्मि कथूरिया इकाई प्रमुख, अनूप रॉय प्रमुख वैज्ञानिक बीईएल, एसबीयू प्रमुख गिरिराज, नवीन कुमार एवं धीरज तलवार द्वारा इस्कॉन प्रांगण में वृक्षारोपण से किया गया।

इस अवसर पर सुंदरगोपाल प्रभुजी, आदिकर्ता प्रभुजी अध्यक्ष इस्कॉन गाजियाबाद, अभिराम प्रभुजी, इस्कॉनद्व एवं बीईएल यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीएसआर प्रमुख अपर्णा तिवारी ने सभी का स्वागत किया और गाजियाबाद इकाई के सीएसआर प्रोजेट्स के बारे में अवगत कराया। श्री सुंदरगोपाल प्रभुजी ने बीईएल के सीएसआर प्रयासों की सराहना की और कहा जीवन की प्रेरणा वृक्षों से लेनी चाहिएए जो स्वयं धूप, आँधी और बारिश में रहकर भी दूसरों के लिए हवा, छाया, फल और फूल देते हैं।

## महिला के साथ मारपीट करने से रोका तो सिर में हथौड़ा मार कर की हत्या



**गाजियाबाद।** महिला से मारपीट करने से रोकने पर उसके पति ने युवक की सिर में हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर वारदात का पदार्फाश किया है। डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित रोहित शर्मा निठोरा रोड स्थित डायमंड सिटी का रहने वाला है। वह 27 मई की रात को पत्नी पूनम के साथ मारपीट कर रहा था। बचाव के लिए महिला मकान के पास ही स्थित ऑफिस में काम करने वाले गढ़ी जस्सी के संदीप कुमार, अशोक विहार के राजू उर्फ राज शर्मा के पास मदद मांगने पहुंची। उसका पीछा करते हुए रोहित भी वहां पहुंच गया और डंडे से पत्नी पर वार करने का प्रयास किया तो संदीप और राजू ने डंडा छीन लिया और धक्का देकर रोहित को गिरा दिया। इसके बाद रोहित वहां से चला गया और घर से हथौड़ा लेकर संदीप और रोहित पर हमला करने के लिए आया। तब तक संदीप जा चुका था और राजू पैदल अपने घर की तरफ जा रहा था, रोहित ने पीछे से राजू के सिर पर हथौड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी। शव को कच्चे रास्ते के किनारे फेंककर वहां से भाग गया। 28 मई की सुबह शव मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। विवेचना के दौरान हत्या की वारदात में रोहित का नाम सामने आया तो उसे बुधवार को अशोक विहार से गिरफ्तार किया, उसके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल हथौड़ा भी बरामद किया गया है।

## महंत की तलाश में पुलिस ने प्रयागराज में डाला डेरा

# चेजिंग रूम ना होने के कारण अब महिलाएं गाड़ी के पीछे कपड़े बदलने को मजबूर

**मुरादनगर ,करंट क्राइम।** गंगनहर शनि मंदिर के महंत और पुलिस के बीच तू डाल-डाल मैं पात पात वाली कहावत सिद्ध हो रही है। पुलिस महंत को पकड़ने के लिए टीमों का गठन कर गिरफ्तार करने की जुगत में लगी है और जगह-जगह छापेमारी की जा रही है।

महंत भी पुलिस को चकमा दिये जा रहा है। बता दें कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस गंगनहर घाट स्थित शनि मंदिर के महंत को पकड़ने में नाकाम रही है। यहां तक कि पुलिस महंत के मोबाइल का डाटा भी रिकवर नहीं कर पाई है। उधर पुलिस ने महंत की तलाश के लिए प्रयागराज में डेरा डाल दिया है। गंगनहर से सिंचाई विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद स्नान करने के बाद चेजिंग रूम ना होने के कारण महिलाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार पुलिस का अंदेशा है कि स्टे लेने के लिए महंत प्रयागराज में अपने वकीलों से कानूनी मदद ले रहा है। पुलिस स्टे मिलने से पहले ही महंत को गिरफ्तार करना चाहती है। पुलिस का मानना है कि महंत की गिरफ्तारी के बाद ही चेजिंग रूम में कैमरा लगाने के मामले की परत दर परत खुलेंगी। बताते चलें कि नहर स्थित घाट पर शनि मंदिर के पास महिलाओं के लिए दो चेजिंग रूम बने हुए थे। चेजिंग रूम में सीसीटीवी कैमरा मिलने के बाद सिंचाई विभाग ने गंगनहर पटरी पर अतिक्रमण हटाओअभियान चलाया था। अतिक्रमण हटाओ अभियान में चेजिंग रूम भी हटा दिए गए थे। नहर में नहाने के लिए आने वाली महिलाओं को कपड़े बदलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अब महिलाएं गाड़ियों के पीछे कपड़े बदलने को मजबूर हैं। एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार का कहना है कि महंत के मोबाइल डाटा में काफी आपित्तजनक वीडियो मिली हैं जिनकी जांच की जा रही है,जल्द ही महंत को पकड़ लिया जाएगा।

## किसानों के दिलों में आज भी बसते हैं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह : सतेंदर चौधरी








**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वसुंधरा स्थित किसान चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य रूप से क्षेत्रीय पार्षद सतेंदर चौधरी ने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर विस्तार से चर्चा की । और सभी वसुंधरा जाट सभा से पदाधिकारी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह सभी बिरादरियों के नेता थे और उन्होंने सभी वर्गों के लिए काम किया । सभी वर्गों की राजनीति में हिस्सेदारी की और किसान हित में इतने कार्य किए कि उनकी चर्चा कर पाना भी कठिन है। उन्होंने कहा कि हमेशा किसानों के मसीहा के रूप में याद किए जाएंगे। वसुंधरा जाट सभा के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि हम चौधरी साहब के अधूरे पड़े कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। तन मन धन से किसानों की सेवा करते रहेंगे। इस मौके पर शरबत भी वितरण किया गया, सैकड़ों लोगों को भीषण गर्मी में ठंडा शरबत पिलाकर पुण्य का कार्य किया। इस अवसर पर वसुंधरा जाट सभा अध्यक्ष बीपी सिंह, जगवीर सिंह, महासचिव हरेन्द्र चौधरी, सेंसर पाल, आरपी सिंह, मनोज तायल, कैलाश सिंह, हंसवीर सिंह, सत्यपाल, राजेश चौधरी, बलराम पुनिया, प्रताप सिंह, यतेन्द्र मलिक, सतीश धनखड़, पार्षद हिमांशु चौधरी, रामवीर सिंह, सुरेंद्र चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।




## पुलिस के किस पूर्व अधिकारी ने की भैया जी से भेंट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक फोटो ऐसी है जिसने यहां गर्मी बढ़ा दी है। कमिश्नरेट सिस्टम से पहले जब यहां साइकिल वालों का जमाना था तो एक थ्री-स्टार जो बाद में हंटर बन गए थे उनका बोलबाला पूरा था। अब उन साहब की एक फोटो नजर आ रही है। जिसमें वह भैया जी से भेंट कर रहे हैं। गाजियाबाद में उनकी आमद से लेकर रवानगी तक का किस्सा भी अलग अंदाज वाला रहा है। सूत्र बताते हैं कि अमूमन जब कोई थ्री-स्टार जिले में आता है तो वह लाइन जाता है लेकिन उनके लिए रजिस्टर हॉट वाले थाने की टेबल पर भेजा गया था। व्यवहार से सरल और शरीर से पहलवान लुक रखने वाले पूर्व पुलिस अधिकारी की एक फोटो इन दिनों पूर्वांचल के एक गढ़ में खूब चर्चा का विषय है। उधर उनके ही विभाग वाले



बता रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में भैया जी की पार्टी के चुनाव चिन्ह पर पूर्व खाकी वाले अधिकारी साहब सवार होने का प्लान बना चुके हैं। गाजियाबाद पुलिस में उनका नाम सबसे ऊपर चला। देहात वाले सबसे खास थाने से लेकर सिटी और नदियापार में उनका नाम बोर्ड पर लिखा हुआ है। भले अब साइकिल वालों की सरकार ना हो लेकिन कमल वाले दल के कार्यकाल में भी पूर्व अधिकारी का भौकाल कम नहीं है। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों भैया जी पूर्वांचल वाले गढ़ में थे। जहां उनकी मुलाकात काली पैंट और सफेद शर्ट पहने पूर्व पुलिस अधिकारी से हुई। यह फोटो पुलिस महकमें से लेकर राजनीतिक कार्यालय में जमकर तैर रही है। कहा जाता है कि जब जमाना उनकी सरकार का था, तो अधिकारियों के फोन सीधे उन पर ना आकर नीचे आया करते थे। कुल मिलाकर जब मंगल वाली रात को यह फोटो आई तो इसको उनके ही विभाग वालों ने जमकर इधर-उधर वायरल किया है। बताया जा रहा है कि अगर भैया जी से उनकी मुलाकात और बात सेट बैठ गई तो अगले विधान सभा चुनाव में वह ताल ठोकेंगे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आज भी उनके किस्से और कहानी किसी से छुपे नहीं हैं। वही कहा तो यह भी जा रहा है कि उनके साथ वाले आज भी उनको सलाम ठोकते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि भले उनका पद चला गया हो लेकिन जो उनका कद आज भी है। वो अब भी दबदबे के साथ बना हुआ है। देखना होगा कि चुनावी सीजन में पूर्व अधिकारी की भैया जी के साथ वाली फोटो आने वाले दिनों में क्या अंजाम दे पाती है।

## तीन कॉलोनी के निवासियों ने बिजली सब स्टेशन का किया घेराव

**मुरादनगर ,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र स्थित बिजली सब स्टेशन पर तीन कॉलोनी के सैकड़ों लोगों ने जमकर हंगामा कर नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि ओवरलोडिंग के चलते बिजली बार बार कट मार रही है। तीन दिन से ऐसा ही चल रहा है। शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चिकालीन धरना दिया जाएगा। नगर की उखलारसी ,डिफेंस कॉलोनी व न्यू डिफेंस कॉलोनी के सैकड़ों लोग एकत्र होकर बिजली सब स्टेशन पर पहुंचे। वहां पर एसएसओ मिले और लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाने के लिए कहा। काफी इंतजार के बाद भी जब बिजली विभाग का कोई अधिकारी नहीं आया तो लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि ओवरलोडिंग के चलते बिजली हर दस मिनट में कट मार रही है और लो वोल्टेज आ रही है। सही बिजली आपूर्ति ना होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब इसकी शिकायत करने के लिए बिजली सब स्टेशन पर फोन किया जाता है तो कोई रिसीव नहीं करता है। शिकायत करने के लिए बिजली सब स्टेशन पर ही आना पड़ता है। दो घंटे से अधिक समय तक चले हंगामे के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और फोन पर ही फाल्ट ठीक करने का आश्वासन दे दिया। लोगों ने चेतावनी दी है यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह बिजली सब स्टेशन पर अनिश्चिकालीन धरने पर बैठ जाएंगे। वहीं बिजली कर्मचारियों का कहना है कि तपती गर्मी में काम करके लोगों को राहत पहुंचाने के पुरजोर प्रयास किये जा रहे हैं।

## उर्स मेले की तैयारियां शुरू, 30 मई को चढ़ाई जाएगी दरगाह पर चादर



**मुरादनगर , करंट क्राइम।** मुरादनगर शहर को बसाने वाले हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत मोहम्मद मुराद गाजी रहमतुल्ला अलेही की याद में लगने वाला 358 वां उर्स मेला कमेटी का अध्यक्ष इस वर्ष भी समाजसेवी भाजपा नेता योगेंद्र गुप्ता लिली को बनाया गया है। बाबा हजरत मोहम्मद मुराद गाजी की दरगाह पर शाम के समय 30 मई को चादर चढ़ाई जाएगी। मेला कमेटी का संरक्षक मनस्वी वाणी ग्रुप के चेयरमैन संदीप सिंघल, पूर्व विधायक वहाब चौधरी, मुरादनगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह को बनाया गया है । उर्स मेले की जानकारी देते हुए उर्स मेला संयोजक हामिद पठान ने बताया कि हर वर्ष ईदगाह रोड स्थित मुरादनगर को बसाने वाले हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक मोहम्मद मुराद गाजी की दरगाह पर उर्स का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि उर्स मेले में दूर-दूर से मशहूर कव्वाल भी आते हैं। इसके अलावा जाने माने कवि भी आते हैं।उर्स मेले में खाने-पीने के स्टाल खेल खिलौने झूले आदि मनोरंजन के लिए लगाए जाते हैं। हामिद पठान ने बताया कि 30 मई को शाम के समय बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई जाएगी उसके बाद उद्घाटन किया जाएगा।

## प्रेमी के साथ लाखों की नकदी और जेवर लेकर हुई फरार, पिता ने पुलिस से लगाई गुहार



**हापुड।** जिले के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव आरिफपुर सरावनी में दुल्हन शादी से पहले अपने प्रेमी के साथ फरर हो गई। युवती का विवाह 23 को जून को होना था। आरोप है कि युवती घर में रखी लाखों रुपये की नकदी और जेवर भी साथ ले गई है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक समेत 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दो बेटियों की होनी थी शादी दरअसल, गांव आरिफपुर सरावनी निवासी शाहिद ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में गया था, रात अधिक होने पर रिश्तेदारों के पास ही रुक गया। पीड़ित की दो बेटियों की शादी 23 जून को होना तय हुई थी। बताया गया कि रात को ही मोनू निवासी छोटा हसनपुर कलां जिला मेरठ उसकी बेटी को बहला-फुसला कर ले गया। वहीं घर में रखे संदूक से शादी के लिए रखे गहने जिसमें लगभग 3 तोले सोने की चीजे, गले का हार, अंगूठी हाथ के कडे. व लगभग 50 तोले चांदी की पाजेब व हस्तबन्द व 4 लाख रुपये सन्दूक से निकाल कर ले गए। पिता को धमकाया पीड़ित ने बताया कि जब वह रिश्तेदारी से वापस लौटा तो उसे इस बारे में जानकारी हो सकी। वह आरोपी के घर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी है। इसको लेकर उसे जान माल का खतरा है। बाबूगढ़ पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर गांव हसनपुर कला जिला मेरठ निवासी मोनू, सोनू और खजूरी हस्तिनापुर जिला मेरठ निवासी बबलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोरोना काल में पैरोल पर छूटकर हुआ था फरार, 4 साल बाद चढ़ा हत्थे



**गाजियाबाद।** यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने गाजियाबाद से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश शब्बीर को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी पैरोल पर छूटने के बाद से फरार चल रहा था। जिसके चलते आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी को गाजियाबाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### पैरोल पर छूटकर भाग गया मुम्बई

नोएडा एसटीएफ एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि शब्बीर मूल रूप से बिहार के किशनगंज जिले के देहलवाड़ी गांव का रहने वाला है। वह वर्ष 2020 में गाजियाबाद नगर थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में वांछित था। एसटीएफ को पता चला कि शब्बीर वर्तमान में मुंबई में रहता है। इस सूचना पर एक टीम रवाना की गई और उसे मुंबई के कदींबली थाना क्षेत्र से हिरासत में ले लिया गया। शब्बीर के खिलाफ को गाजियाबाद नगर थाना पुलिस को सौंप दिया गया। जिसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पापुआ न्यू गिनी को भारत देगा 10 लाख डॉलर की मदद



**भूस्खलन के मलबे में दो हजार से ज्यादा लोग दबे**

## पीएम मोदी बोले- हर मदद को तैयार

### भारत इस कठिन समय में इस देश के साथ खड़ा है : जयशंकर



**मेलबर्न।** भूस्खलन की वजह से पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) में दो हजार से ज्यादा लोगों की मौत और दस हजार लोगों के विस्थापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए कहा, प्रभावित परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, भारत हर संभव सहायता और सहयोग देने के लिए तैयार है। साथ ही भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से पीएनजी को तुरंत राहत पहुंचाने के लिए 10 लाख डॉलर की मदद देने का एलान किया है।

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुख किया व्यक्त



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने द्वीपीय देश पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत इस कठिन समय में इस देश के साथ एकजुटता से खड़ा है। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, ''हालिया भूस्खलन के बाद पापुआ न्यू गिनी में जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं। हमारी संवेदनाएं सरकार और लोगों के साथ हैं। भारत इस कठिन समय में अपने दोस्त के साथ एकजुटता से खड़ा है।₹ भूस्खलन से पहले इस क्षेत्र में लगभग 3,800 लोग रहते थे, और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्रीय आपदा केंद्र ने कहा कि 2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए होंगे। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने घोषणा की है कि वह पापुआ न्यू गिनी के लिए प्रारंभिक मानवीय सहायता के रूप में 2.5 मिलियन डॉलर प्रदान करेगी।

अनुमान है कि पापुआ न्यू गीनी में करीब दो हजार लोग मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं। पापुआ न्यू गिनी की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने संयुक्त राष्ट्र को लिखे खत में इस बात की जानकारी दी है। ये हादसा एन्गा प्रांत में हुआ है और भौगोलिक रूप से बेहद अस्थिर होने की वजह से इस इलाके में राहत एजेंसियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

पापुआ न्यू गिनी के एंगा राज्य के गांव यामबलि में शुक्रवार को हुए भूस्खलन में दो हजार लोग चट्टान के नीचे दब गए।

इन सभी को अब मृत मान लिया गया है। 670 के करीब शव निकाले जा चुके हैं। फिलहाल, यामबलि के आसपास के इलाकों में फिर से भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। लगातार बारिश और जलभराव की वजह से हो रहे भूस्खलन को ध्यान में रखकर करीब 10 हजार लोगों उनके घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

### लैंडस्लाइड के 3 दिन बाद चमत्कारिक रूप से बचे दंपति

भारी बारिश के बाद आशंका जताई जाने लगी थी कि इलाके में फैला मलबा खतरनाक बन सकता है, जिससे बचाव प्रयास में मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर मौजूद है। हालांकि, अभी भी सर्च के लिए जरूरी चीजें नहीं पहुंच पाई हैं क्योंकि मुख्य सड़क से संपर्क कट चुका है। प्रभावित इलाके तक पहुंचने के लिए फिलहाल हेलिकॉप्टर ही एक विकल्प है। लैंडस्लाइड के बाद अब तक सिर्फ 6 शव मिल पाए हैं। यूएन ने कहा है कि मौतों की संख्या बदल सकती है। ऐशी विषम परिस्थितियों में लैंडस्लाइड के 3 दिन बाद चमत्कारिक रूप से एक दंपति को जिंदा निकाल लिया गया है। जब बचाव टीम घटनास्थल पर पहुंची तो उन्हें मदद की गुहार सुनाई दी। इसके बाद उन्हें बचा लिया गया। जॉनसन और जैकलीन यानडम ने एनबीसी न्यूज से कहा कि उनका जिंदा बचना एक 'चमत्कार' था। उन्हें जिंदा बचने की कोई उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब लैंडस्लाइड हुआ तो उन्हें लगा कि बड़े से पत्थर के नीचे दबकर उनकी मौत हो जाएगी मगर ऐसा नहीं हुआ। दंपति ने कहा कि उन्हें लगता है कि ऊपर वाले ने उन्हें किसी खास मकसद के जिंदा बचाया है।

## तस्वीरों में कैद मानव त्रासदी









# इस्राइली सेना के समर्थन में उतरीं निक्की हेली, रॉकेट पर लिखा- 'उन्हें खत्म कर दो'

**वाशिंगटन/यरुशलम।** साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने सोमवार को इस्राइल की यात्रा के दौरान रॉकेट पर कुछ ऐसे शब्द लिखकर इस्राइली रक्षा बलों का प्रोत्साहन किया, जो अब चचाओं में आ गए हैं। दरअसल, वह मेमोरियल डे पर इस्राइल पहुंची थीं। यहां उन्होंने रॉकेट पर फिनिश देम यानी उन्हें खत्म कर दो लिखकर हस्ताक्षर किए।

**डैनी डैनन भी मौजूद :** बता दें, दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर ने समर्थन का यह स्पष्ट प्रदर्शन लेबनान के साथ लगती इस्राइल की उत्तरी सीमा की यात्रा के दौरान किया। यहां उनके साथ संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल के पूर्व राजदूत और नेसेट में बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के जाने-माने उग्रवादी सदस्य डैनी डैनन भी मौजूद थे।

### बाइडन प्रशासन की आलोचना

पूर्व गवर्नर ने हथियारों को अस्थायी रूप से रोके जाने पर जो बाइडन के प्रशासन की आलोचना की। उन्होंने दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इस्राइली हमले को हतोत्साहित करने का बाइडन पर आरोप लगाया। साथ ही नेतन्याहू की गिरफ्तारी की मांग कर रहे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (क्लउ) और नरसंहार के आरोपों पर विचार कर रहे अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (क्लख) पर निशाना साधा।

**इस्राइल हमारे दुश्मनों से लड़ रहा :** निक्की हेली ने कहा कि अमेरिका को यह समझने की जरूरत है कि अगर इस्राइल हमारे दुश्मनों से लड़ रहा है तो हम उनकी कैसे मदद नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि इस्राइल की मदद नहीं करने का निश्चित तरीका हथियारों को रोकना और आईसीसी, आईसीजे या उन लोगों में से किसी की भी प्रशंसा करना है, जो इस्राइल की निंदा कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, 'अमेरिका को फिलहाल इस्राइल का साथ देने की जरूरत है। इस्राइल को यह बताना बंद करें कि इस युद्ध से कैसे लड़ना है। आप या तो दोस्त हैं या दोस्त नहीं हैं।'

**ट्रंप को देंगे वोट :** संयुक्त राष्ट्र में पूर्व राजदूत डैनन और हेली साफ कर चुके हैं कि वह अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को वोट देंगे।

**अब तक मारे गए लोग :** युद्ध शुरू होने के बाद से फलस्तीन के 35,984 लोग मारे गए हैं और 80,643 अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया कि आईडीएफ ने गाजा पट्टी में आठ नरसंहार किए। इसमें आगे कहा गया है कि कई पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं या सड़कों पर हैं। इसलिए एंबुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल उन तक नहीं पहुंच सकते। वहीं, गाजा में करीब 2300 आतंकवादी संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

### 155 मिमी ऊंचे रॉकेट पर लिखा संदेश

संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत ने 155 मिमी ऊंचे रॉकेट पर लिखा, 'उन्हें खत्म कर दो! अमेरिका हमेशा इस्राइल से प्यार करता रहेगा।' हेली का यह समर्थन ऐसे समय में सामने आया है, जब इस्राइली सेना गाजा में विनाशकारी हमले कर रहा है। गाजा में अब तक 36,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें से करीब 15,000 बच्चे हैं।

# बहुपक्षीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात : मेजर राधिका सेन



**विशेष।** कांगो में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मिशन में सेवा दे चुकी भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन को सैन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस इस पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इस पुस्कार को लेकर राधिका सेन ने कहा कि बहुपक्षीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सम्मान की बात है। 30 मई को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर मेजर राधिका सेन को '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' दिया जाएगा।

राधिका सेन ने एक साक्षात्कार में इस पुरस्कार पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे न केवल अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला, बल्कि मेरे सभी सहयोगियों, शांति सैनिकों और विशेष रूप से अपने देश भारत का प्रतिनिधित्व करने का भी मौका मिला। उन्होंने आगे कहा, एक अंतरराष्ट्रीय फोरम में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक ऐसा एहसास है जिसे बयां नहीं किया जा सकता।

बता दें कि मेजर सेन भारतीय त्वरित तैनाती बटालियन की कमांडर के तौर पर मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक कांगो गणराज्य के पूर्व में तैनात थीं। वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश की रहने वाली हैं। उनका जन्म 1993 में हुआ था और वह आठ साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुई थीं। मेजर राधिका सेन ने बायोटेक इंजीनियर में स्नातक किया, इसके बाद ही उन्होंने भारतीय सेना में शामिल होने का फैसला किया था।

राधिका सेन ने बताया कि उनका एंगेजमेंट प्लाटून होने का मुख्य उद्देश्य लोगों को कुछ अलग करने के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने कहा, ₹किसी भी संघर्ष वाले इलाके में महिलाएं एवं लड़कियां ही असमान रूप से प्रभावित होती हैं।₹ मेजर सेन ने आगे कहा कि उनका और उनकी टीम का प्रयास उन महिलाओं और लड़कियों तक पहुंचना था। उनसे उनकी परेशानियों को लेकर बात करना और उन परेशानियों से उन्हें बाहर निकालना था।

मेजर सेन ने कहा, आज की दुनिया में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन करें और समाज में मौजूद भेदभावपूर्ण मानदंडों से लड़ें। महिलाओं को सशक्त बनाने में रोजगार की अहम भूमिका है। इस दौरान पुरुषों को भी महिलाओं का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हम महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षा देते थे। बता

### रुचिका कंबोज से मिलीं राधिका सेन

मेजर राधिका सेन ने भारतीय मिशन में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिका कंबोज से भी मुलाकात की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रुचिका कंबोज ने कहा, मेजर राधिका सेन को 30 मई को 2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उनका समर्पण और उनकी बहादुरी एक बेहतर दुनिया के निर्माण में महिला शांतिरक्षकों की अमूल्य भूमिका को उजागर करती है।

# दक्षिण अफ्रीका में मतदान आज वोटिंग को लेकर मतदाता उत्सुक




**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में बुधवार को आम चुनावों को लेकर मतदान होगा। चुनाव को लेकर दक्षिण अफ्रीका का स्वतंत्र चुनाव आयोग (आईईसी) आशावादी बना हुआ है। चुनाव आयोग को लगता है कि मतदाता रिकॉर्ड संख्या में मतदान करेंगे।

आईईसी ने मंगलवार शाम प्रेस ब्रीफिंग की, जिसमें कहा कि आईईसी विशेष मतदान के दूसरे और अंतिम दिन 937,144 मतदाताओं से उत्साहित था। यह मतदान उन लोगों के लिए निर्धारित था, जो चुनाव के लिए काम करेंगे या विकलांगता, बुढ़ापा या अन्य कारणों के चलते मतदान मतदान केंद्रों पर जाने में असमर्थ होंगे। आईईसी के मुख्य कार्यकारी एसवाई मामाबोलो ने कहा, यह आंकड़ा पिछले चुनावों की तुलना में बहुत अधिक है। साथ ही बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए अच्छा संकेत है।

**मामाबोलो ने चुनाव आयोग कर्मचारियों को सराहा :** मामाबोलो ने चुनाव आयोग के कर्मचारियों की सराहना की। कहा, हम चुनावी कर्मचारियों की कर्मठता से प्रभावित हैं, जिन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की। अन्यथा इतनी बड़ी तादाद में मतदाताओं द्वारा मतदान करना संभव नहीं हो पाता। उन्होंने आगे कहा, हालांकि आयोग अपने संचालन या चुनाव अधिकारियों के खिलाफ गैरकानूनी आचरण की घटनाओं के बारे में चिंतित है। हम राजनीतिक दल के सदस्यों, समर्थकों और आम नागरिकों सहित सभी दक्षिण अफ्रीकी लोगों से चुनाव अधिकारियों को बिना किसी बाधा के अपनी जिम्मेदारियां निभाने की अनुमति देने का आग्रह करते हैं।

मामाबोलो ने क्वाजुलु-नटाल और म्पुमलांगा प्रांतों में चुनावी प्रक्रियाओं में कथित हस्तक्षेप के लिए तीन संदिग्धों की गिरफ्तारी का जिक्र किया।

# दक्षिण गाजा के रफाह से 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित



**तेल अवीव।** इस्राइल ने अमेरिकी चेतावनी और वैश्विक आलोचना को दरकिनार करते हुए मंगलवार को रफाह के सिटी सेंटर पर कब्जा कर लिया। लंबे समय से अमेरिका सहित तमाम देश इस्राइल को राफा से दूर रहने की चेतावनी दे रहे थे, लेकिन सोमवार को एक कैंप पर हवाई हमले के बाद मंगलवार को राफा के सिटी सेंटर पर इस्राइल टैंक पहुंच गए।

इसके साथ ही राफा के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार को जमीनी और हवाई दोहरी कार्रवाई में 20 फलस्तीनियों की मौत हुई है।

इस्राइली कार्रवाई को डरावना बताते हुए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने कहा, गाजा में कोई सुरक्षित जगह नहीं है। यह आतंक रुकना चाहिए। उन्होंने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को डरावनी कार्रवाई रोकने को कहा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पहले ही चेताया था कि अगर इस्राइल ने रफाह पर धावा बोलने की रेड लाइन पार की तो अमेरिका हथियार नहीं देगा। बहरहाल, अमेरिकी राष्ट्रपति की इस चेतावनी को दरकिनार कर इस्राइल ने रफाह पर न केवल सोमवार को बड़ा हमला किया, बल्कि मंगलवार को सिटी सेंटर पर कब्जा कर हवाई और जमीनी हमले जारी रखे हैं।

### नागरिकों की मौत पर बेंजामिन नेतन्याहू ने जताया दुख, हमले को दुखद हादसा

सोमवार को रफाह में एक कैंप पर हुए इस्राइली हमले में 45 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। बेंजामिन नेतन्याहू ने हमले को दुखद हादसा बताते हुए मामले की जांच कराने का आदेश दिया है। वहीं, बाइडन प्रशासन ने कहा है कि इस्राइल को हमले सटीक करने चाहिए, जिनमें नागरिकों को न्यूनतम नुकसान पहुंचे।

पिछले वर्ष सात अक्तूबर को हमास के बर्बर हमले के बाद शुरू हुई इस्राइली कार्रवाई में अब तक 36 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। इस्राइली डिफेंस फोर्स के मुताबिक, इनमें से करीब 12 हजार हमास आतंकी हैं।

**तीन यूरोपीय देशों ने दी फलस्तीन को मान्यता :** तीन यूरोपीय देशों स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने अपनी-अपनी संसदों के जरिये फलस्तीन को संप्रभु राष्ट्र के तौर पर मान्यता देने का एलान किया है। इन देशों की मान्यता के साथ संयुक्त राष्ट्र के सदस्य 193 देशों में से अब 140 देश स्वतंत्र-संप्रभु फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दे चुके हैं। हालांकि, डेनमार्क की संसद ने फलस्तीन को मान्यता देने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

### किर्बी बोले- आईडीएफ का हमला खौफनाक



अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा, अमेरिका अभी भी नहीं मानता कि रफाह में कोई बड़ा जमीनी अभियान चलाया जाना चाहिए। हम नहीं चाहते कि इस्राइली सेना की बड़ी टुकड़ियां रफाह के बड़े इलाकों में घुसें। अमेरिका मध्य पूर्व के पूरे घटनाक्रम पर बहुत करीब से नजर रख रहा है। उन्होंने साफ किया कि किसी भी परिस्थिति में निर्दोष लोगों की मौत बेहद दुखद है। नुकसान जितना संभव हो सके कम किया जाना चाहिए।

### पश्चिम एशिया से सामने आईं विनाशकारी तस्वीरें



# पीएम मोदी की होगी जीत, करेंगे 400 का आंकड़ा पार: नरेंद्र कश्यप






**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष यूपी में भाजपा के स्टार प्रचारक नरेंद्र कश्यप लगातार प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा कर रहे हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजय रथ को आगे बढ़ाने के लिए दो दिन से अलग-अलग कार्यक्रम और सभा में भाग ले रहे हैं।

नरेंद कश्यप ने वार्ड 77 में प्रवीण राय के साथ पदयात्रा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लिया तो वहीं होटल पद्मिनी में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यहां प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा संजय भाई पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी अश्विनी पटेल, जिला अध्यक्ष भाजपा हंसराज विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा विजय राज यादव और महानगर जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा सोमनाथ मौर्य के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।





### इन कार्यक्रमों में रही मंत्री नरेंद्र कश्यप की उपस्थिति

**करंट क्राइम।** वाराणसी में लगातार तेज धूप में नरेंद्र कश्यप चुनावी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यहां शिवपुरवा निराला नगर वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी के साथ सुभाष बिन के आवास पर पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया। शहीद उद्यान में कार्यक्रम में शामिल हुए। वार्ड नंबर 77 में प्रवीण राय के साथ पदयात्रा कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं चुनार असली बाईपास चुनार रोड वाराणसी में नई सुबह संस्था द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन के दौरान संवाद कार्यक्रम में भी वह उपस्थित रहे।

### मोदी जीतेंगे रिकॉर्ड मतों से : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक नरेंद्र कश्यप लगातार वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वोट मांगने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और भारतीय जनता पार्टी- एनडीए सहयोगी दल केंद्र में 400 का आंकड़ा भी पार करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रिकार्ड मतों से इस बार भी वाराणसी में जीत दर्ज करवाएंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौ. चरण सिंह को पुण्यतिथि पर उपराष्ट्रपति व जयंत चौधरी ने दी श्रद्धांजलि





**नईदिल्ली गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नई दिल्ली के किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़,रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह और उनकी धर्मपत्नी चारू चौधरी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित किसान घाट पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और हवन का आयोजन किया। इस अवसर पर गाजियाबाद से महानगर अध्यक्ष डॉ.रेखा चौधरी,स्वेता सिंह, भूपेंद्र बॉबी,रामकुमार पंवार, जगराज बालियान, संजय गुर्जर, नीरज देवी,सत्यवीर सिंह, बृजपाल तेवतिया,उदयवीर तेवतिया, राजेन्द्र चंदेला,किशन राघव,बादल चौधरी, यश चौधरी,प्रिंस आदि मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि आजीवन किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले, सादगी की प्रतिमूर्ति,सभी के परम आदर्श भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि परहम सब उन्हें शत शत नमन करते हैं। अन्नदाताओं के हित में चौधरी चरण सिंह के प्रयास आज भी प्रासंगिक व अविस्मरणीय हैं और रहेंगे। ऐसी विभूति सदियों मे एक बार जन्म लेती हैं।

राष्ट्रीय लोक दल इसके अलावा श्रद्धांजलि समारोह में सांसद मलूक नागर, पूर्व सांसद मुंशीराम, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश अनिल कुमार विधायक अजय कुमार एवं अशरफ अली, पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा,चौ० सुखवीर सिंह एवं डॉ० अजय तोमर, रालोद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव त्रिलोक त्यागी, किसान ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ० यशवीर सिंह, लीगल सेल के राष्ट्रीय संयोजक एवं सीनियर एडवोकेट रविकांत चड्ढा, महिला राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय अध्यक्षा मनीषा अहलावत, राष्ट्रीय सचिव कुलदीप उज्जव, हस्तिनापुर क्षेत्र के अध्यक्ष योगेन्द्र चेयरमैन, ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष बृजेश चाहर, बागपत से वर्तमान लोकसमा प्रत्याशी डॉ० राज कुमार सांगवान, बिजनौर से वर्तमान लोकसभा प्रत्याशी चन्दन चौहान, विधायक राष्ट्रीय अत्यसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू, रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजयवीर सिंह एडवोकेट, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष रजनीश मलिक सहित उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा एवं राजस्थान के हजारों पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने अपने प्रिय नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। समाधि स्थल पर सदैव की भांति भक्ति संगीत एवं यज्ञ.हवन का भी आयोजन हुआ।

# बार एसोसिएशन ने दी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**गाज़ियाबाद ,करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन के सभागार में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई ।इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश त्यागी कैली ने कहा कि हमें गर्व है हम उस बार एसोसिएशन के सदस्य हैं जिस बार में किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह ने वकालत की थी । बार के सचिव स्नेह त्यागी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने गाज़ियाबाद का नाम रोशन किया था ।वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर सरकार ने लाखों करोड़ों किसानों व अधिवक्ताओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है ।इस अवसर पर बार एसोसिएशन परिसर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी ।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता विजय पाल राठी , सुरेंद्र राठी , सत्यकेतू सिंह , हामिद अली , रणवीर सिंह डागर, अमरपाल तेवतिया, अनीश चौधरी, नरेश चौधरी, इन्द्र पाल सिंह, सेन्सरपाल , सतपाल यादव, विनोद यादव, अमित नेहरा , अशोक शर्मा, योगेन्द्र कौशिक, आदि मौजूद रहे।

# गांव चित्तौड़ा में भारत रत्न स्व. चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

## रालोद नेता अमरजीत बिड्डी ने कहा- चौधरी साहब ने सदैव ईमान की राजनीति की





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि हवन पूजा और प्रसाद वितरण के साथ चित्तौड़ा गांव में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में सभी ने अपने विचार रख चौधरी साहब को याद किया। चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि चौधरी साहब को कभी भुलाया नहीं जा सकता, चौधरी साहब ने हमेशा ईमानदारी की राजनीति की। चौधरी साहब ने जमींदार उन्मूलन, चकबंदी, सहित अनेकों कार्य किसान हित में किये। विचार गोष्ठी में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया, दिलावर सिंह, ऋषिपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, हरेंद्र फौजी, आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जोगिंदर सिंह, सुशील कुमार, उदेश कुमार, मनोज कुमार, आनंद सिंह, समरजीत सिंह, समीर चौधरी, सोनपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, भीम सिंह, सुरेंद्र सिंह, देवेंद्र पुंडीर, वीरपाल सिंह, संसार सिंह, संजू सिंह, गौरव प्रताप सिंह, विक्रांत सिंह, मानसिंह, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, गौतम सिंह, अमित कुमार, कुलदीप सिंह, पिंटू सिंह, जगत सिंह, ब्रह्मदत्त, नीटू आदि लोग मौजूद रहे।

### होम्योपैथिक मेडिकल स्टोर्स व चिकित्सालय लाइसेंस नवीनीकरण कराएं

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** जो भी होम्योपैथिक मेडिकल स्टोर्स एवं निजी होम्योपैथिक चिकित्सालय बिना लाइसेंस के चल रहे हैं अथवा किसी ने यथासमय नवीनीकरण नहीं कराया है एवं निजी चिकित्सालयों का रजिस्ट्रेशन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में नहीं हुआ है।

वे तत्काल एमएमजी अस्पताल स्थित होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के कार्यालय में जाकर बनवा लें। ऐसा न करने की स्थिति में संस्थान को सील करते हुए संचालकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बाल भारती पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने किया कलक्ट्रेट का विजिट

## जिलाधिकारी ने छात्राओं को दी सिविल सर्विस से सम्बंधित जानकारी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम।** बाल भारती पब्लिक स्कूल, बृज विहार द्वारा द्वारा चलाये जा रहे समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के मद्देनजर जिन छात्राओं का रुझान भविष्य में सिविल सर्विस की तरफ है उनको कलक्ट्रेट का विजिट कराया गया। बाल भारती पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने काउंसलर मिताली चटर्जी की अगुवाई में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह से मुलाकात की और उनसे अनुमति प्राप्त कर कलक्ट्रेट का विजिट किया।

जिलाधिकारी ने छात्राओं से मुलाकात के दौरान उन्हें सिविल सर्विस से सम्बंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं के साथ एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया। इस मुलाकात के दौरान एडीएम एफ-आर सौरभ भट्ट भी उपस्थित रहे। विजिट में शाम्भवी वर्मा, आशवी कोहली, अगरिका भारद्वाज, यशिका कौशिक, आन्या परमार, अदिति केसरी, भव्या शिबोरा, खुशी चोरारिया शामिल रहीं।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर यातायात और दमकलकर्मियों ने बचाया बड़ा हादसा

### तेजाब से भरा कैप्सूल समय रहते नहीं हटता तो आ जाती बड़ी आफत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में बुधवार को वेव सिटी थानाक्षेत्र के इकला इनायतपुर इलाके में ईस्टर्न पेरीफेरल-वे पर तेजाब से भरा एक कैप्सूल पलटने के बाद अफरा तफरी का माहौल मच गया। आननफानन में यातायात पुलिस और अग्निशमन के अधिकारियों को यहां भेजा गया। इसके साथ ही फायर स्टेशन दादरी और नोएडा की भी मदद ली गई। ट्रक को घटनास्थल से हटाया गया और उसका बचा हुआ हिस्सा सही किया गया।

जिस वजह से तेजाब का रिसाव होने लगा, इसके बाद आसपास के बड़े क्षेत्र में घास-फूस और वहां राहत एवं बचाव कार्य में लगे यातायात व अग्निशमन पुलिस कर्मियों को सांस लेने और ऑपरेशन करने में दिक्कत आने लगी। फायर के अधिकारियों ने शीघ्रता से फायर फाइटिंग करना शुरू कर फायर यूनिट ने चारों तरफ से घूरते हुए आग और फैल रहे केमिकल को रोकने का काम किया। अधिकारियों का कहना था कि अगर यह रिसाव नहीं रुकता तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।




### तेजाब की जलन और दुर्गंध ने अधिकारियों को किया बेचैन

**करंट क्राइम ।** इस ऑपरेशन को संभालने के लिए एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, शहर फायर स्टेशन के प्रभारी शेषनाथ यादव व अन्य फायरमैन मौके पर थे। जानकारी है कि जो कैप्सूल पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर पलटा था वह पंजाब से एटा बजरंग केमिकल में जा रहा था। इस दौरान अगर यातायात पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी यहां मुस्तैद ना रहते तो यह हादसा गंभीर और जानलेवा हादसा भी हो सकता था। राहत की बात यह रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और आसपास घनी आबादी क्षेत्र न होने की वजह से ऑपरेशन भी समय रहते कर लिया गया।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बड़ी जनप्रतिनिधि को रहती है हर एक बात की पूरी खबर? कोई फरियादी बनकर नही बना सकता उनका फूल? जब फल वाला पहुंचा बन कर फरियादी और कहां गरीब हूं मुझे तंग करती है खाकी? तब उसको देखकर कहा कि हमे मत दिखाना ये नकली फरियाद वाली मरोड़? तू वो ही गरीब है जिसने खरीदी है कोठी देकर पूरे पांच करोड़? साथ ही ये भी बात बताई? तू है उस फल वाले का भाई? सुना है जब ये बात बाहर आई तो सभी ने बड़ी जन प्रतिनिधि के अपडेट पर ताली बजाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों के पूर्व विधान सभा उम्मीदवार इन दिनों बेच रहे हैं फेसबुक पर पुरानी कार? जब उन्हें बनना है दावेदार तब वो दिखा रहे हैं फॉर्च्यूनर और थार? क्यों कहा कहने वाले ने कि अब नहीं है उन्हें गाजियाबाद की पॉलिटिक्स में कोई इंटरेस्ट? उन्हे लग रहा है कार सेलिंग बिजनेस सबसे बेस्ट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फूल वालों की मेंबरी जंग में अभी आना और भी रंग? सुना है आधे इधर आधे उधर वाला हो गया है सीन? कहने वाले ने कहा आप लिख कर रख लो अब यहां गुट दिखाई देंगे तीन? पार्षद का मुकदमा कराया जायेगा वापिस मंत्री जी के घर से? भुगतान वाले फोन भी होंगे किसी और दर से? एक गुट कहता ही रह जायेगा हम शिकायत करेंगे सर से?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथी की चाल का नही ले रहा इस बार कोई भी हाल? एक दौर था जब यहां नीले हाथी की थी अलग ही टौर? मुरादनगर से लेकर लोनी और शहर से लेकर देहात तक रहा है जलवा? अब केवल उम्मीदवार ने भरी है हुंकार ? महावत दिख रहे हैं साइलेंट मोड पर? कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष ने कर दिया अपने उम्मीदवार की जीत का 2 लाख वाला दावा?लेकिन हाथी के खेमे से कोई नहीं आया अपने उम्मीदवार की जीत का लेकर दावा? आखिर महावतो ने क्यों साध ली खामोशी? क्यों नहीं दिख रही है उनमें चुनाव नतीजे को लेकर गर्मजोशी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्या वाकई में आएगा 4 जून के बाद कोई तूफान? मंत्री विधायक पूर्व मेयर सब एक स्वर से कह रहे हैं कि मेयर का होना चाहिए सम्मान? कहने वाले ने कहा कि साइलेंट हो जायेगी अपने आप ये फायर? ज्यादा से ज्यादा हो जायेगा उनका ट्रांसफर? फिर दिलाने वाले ने याद दिलाया और चाय के पैसे भिजवाने का किस्सा दोहराया? कह दिया कि उनका भी हुआ था केवल तबादला? इसलिए ज्यादा एक्साइटेड ना हो फूल वाले और रखे अपने मिजाज को कूल? क्योंकि जो भी होगा वो होगा एज पर रूल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के वो पहलवान ले रहे हैं मामले का रुख मोड़ने का क्रेडिट? जिन्होंने निगम सभागार में मंत्री मुलाकात के प्रस्ताव पर मुख लिया था मोड़? कहने वाले ने कहा कि यहां बिरादरी को सबसे पहले रखने वाले थे मिस्टर चौहान? उन्होंने कर दिया था निगम वाली मुहिम से अलग जाकर आंदोलन का एलान? वो जानते हैं कि कैसे कायम रहेगा बिरादरी सम्मान और निकलेगा समाधान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यहां तो फूल वाले ही नहीं मानते फूल वालों की बात? एक पूर्व जनप्रतिनिधि ने स्कूल का मामला उठाया? बताया कि बीजेपी नेता का ही स्कूल और बीजेपी नेता ही पहुंचे थे समझाने? मगर स्कूल संचालक ने कर दिया बीजेपी के ही एक पूर्व और एक मौजूदा जनप्रतिनिधि की बात मानने से इंकार? फिर वो क्यों एक सरकारी अधिकारी के समझाने पर माने? ये स्थिति ठीक नहीं है भले ही कोई माने या ना माने?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ में इस बार भी मतगणना स्थल के बाहर रहेगी पॉलिटिकल बनाम अफसर वाली हीट? क्या होगी इस बार भी पुरानी कहानी रिपीट? कहने वाले ने कहा कि पुलिस से हुआ था विवाद और धरने पर बैठ गए थे राज्यसभा सांसद महानगर अध्यक्ष और तत्कालीन मेयर साहब? यहां भी अफसर ने मिला दिया था लोक वालो को फोन? क्या लोक वालो की वाणी के बाद चेंज हो गई थी राज्य वालो की टोन? इस बार भी पहले ही बिगड़ गई है ट्यूनिंग? मामले में रहना है सस्पेंस और बेहतर है उस दिन बना रहे दोनो में डिस्टेंस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्यों उठ रही है उस वार्ड को लेकर ये आवाज? यहां तो पैठ बाजार से भी मंथली लेते हैं मेंबर साहब? कहने वाले ने कहा कि आपको तो सिर्फ एक वार्ड का ही चला है पता? मेल से लेकर फीमेल वार्ड में चल रहा है उगाही का ये खुला खेल? लेने वाले ने कहा मैं अकेला नहीं हूं गुनाहगार? मुझे नहीं मिलती है सरकार या पार्टी से कोई पगार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नजर तो आप 4 जून को इस बात पर रखना? कौन सी विधान सभा से ज्यादा वोट लेकर आएंगी गठबंधन की डॉली शर्मा? क्या धौलाना में मिलेंगे हाथी से ज्यादा वोट हाथ को? क्या शहर में करेगी कांग्रेस फाइट? कौन सी विधान सभा में रहेगी एक दल की हालत कुछ ज्यादा ही टाइट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इस बार बनारस के चुनाव में गाजियाबाद का प्रचार रस बरस रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल भी काशी में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे हैं। बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी में पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल ने सारनाथ में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वोट मांगे। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।